


दैनिक


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 52 | ग्वालियर सोमवार 21 नवम्बर 2022 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए




## बाली में जी-20 शिखर सम्मेलन में वैश्विक मुद्दों पर करेंगे चर्चा



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि वह बाली में आगामी शिखर सम्मेलन के दौरान जी20 नेताओं के साथ खाद्य, ऊर्जा सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण सहित अन्य मुद्दों पर द्विपक्षीय चर्चा करेंगे. शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए बाली रवाना होने से पहले अपने बयान में मोदी ने कहा, मैं 14-16 नवंबर को इंडोनेशिया की अध्यक्षता में होने वाले 17वें जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए बाली, इंडोनेशिया का दौरा करूंगा. वहां खाद्य, ऊर्जा सुरक्षा, पर्यावरण, स्वास्थ्य आदि वैश्विक मुद्दों पर जी20 के नेताओं के साथ चर्चा करूंगा. प्रधानमंत्री ने कहा कि जी20 शिखर सम्मेलन के अलावा वह भाग लेने वाले कई अन्य देशों के नेताओं से मिलेंगे और उनके साथ भारत के द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति की समीक्षा करेंगे. उन्होंने कहा हमारे देश और नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण तब होगा जब इंडोनेशिया के राष्टपति जोको विडोडो बाली शिखर सम्मेलन के समापन समारोह में भारत को जी20 की अध्यक्षता सौंपेंगे. भारत 1 दिसंबर 2022 से आधिकारिक रूप से जी20 की अध्यक्षता ग्रहण करेगा. अगले साल हमारे देश में होने वाले जी20 शिखर सम्मेलन के लिए सदस्य देशों को व्यक्तिगत रूप से आमंत्रित करूंगा. प्रधान मंत्री मोदी ने कहा, जी20 शिखर सम्मेलन में वह भारत की उपलब्धियों और वैश्विक चुनौतियों को सामूहिक रूप से संबोधित करेंगे.

## गुजरातः वेरावल में बोले प्रधानमंत्री मोदी- भूपेंद्र तोड़ें नरेंद्र के सारे रिकॉर्ड

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज अपने गृह राज्य गुजरात में हैं. पीएम मोदी आज यानी रविवार को सबसे पहले सोमनाथ मंदिर पहुंचे और पूजा अर्चना की. इसके बाद प्रधानमंत्री वेरावाल पहुंचे, जहां वो एक जनसभा को संबोधित कर रहे हैं. आपको बता दें कि गुजरात में अगले महीने विधानसभा के चुनाव होने जा रहे हैं. यहां दो चरणों में चुनाव होने हैं. पहले चरण के लिए एक दिसंबर व दूसरे चरण के लिए 5 दिसंबर को वोटिंग होगी. चुनाव के नतीजे हिमाचल प्रदेश के साथ 8 दिसंबर को आएंगे. दरअसल, राजनीतिक पार्टियां गुजरात विधानसभा चुनाव को 2024 के लोकसभा चुनाव के सेमिफाइनल मानकर चल रही हैं. यही वजह है कि भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस समेत सभी दलों ने चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी है. क्योंकि गुजरात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गृह राज्य भी है, इसलिए बीजेपी के लिए गुजरात चुनाव प्रतिष्ठा का सवाल बना हुआ है. हालांकि यहां लंबे समय से बीजेपी की सरकार है. इसबार खास बात यह है कि गुजरात चुनाव में आम आदमी पार्टी ही हिस्सा ले रही है. दिल्ली और पंजाब के बाद आम आदमी पार्टी गुजरात को अपना नया ठिकाना मानकर चल रही है. वहीं, कांग्रेस की बात करें तो गुजरात चुनाव पार्टी के नए अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़के के लिए अग्निपरीक्षा से कम नहीं है.



## श्रद्धा मर्डर केस में बड़ा खुलासा, श्रद्धा के सिर की खोज में जांच कराएगी दिल्ली पुलिस



**नई दिल्ली।** दिल्ली के बहुचर्चित श्रद्धा मर्डर मामले में लगातार एक के बाद एक नए खुलासे हो रहे हैं. दिल्ली पुलिस ने महरौली और छतरपुर के जंगलों से कई हड्डियां बरामद की हैं, जिसे जांच के लिए फॉरेंसिक लैब में भेजा गया है. दिल्ली पुलिस श्रद्धा के सिर के टुकड़े की तलाश में लगी हुई है. बताया जा रहा है कि श्रद्धा के सिर के टुकड़े एक तालाब में डालने की आशंका जताई जा रही है. आपको बता दें कि महरौली के जंगल में पुलिस को 16 नवंबर को कुछ हड्डियां मिली थीं, जिसे लेकर पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है. इसके बाद पुलिस ने पूरे इलाके में जांच पड़ताल शुरू कर दी. इस बीच दिल्ली पुलिस को सूचना मिली है कि श्रद्धा के सिर के टुकड़े छत्तरपुर के मैदानगढ़ी के पास स्थित तालाब फेंके गए हैं. इसे लेकर अब पुलिस सिर के टुकड़े बरामद करने के लिए तालाब को खाली कराएगी.

## डोनाल्ट ट्रंप ट्विटर पर वापसी, मगर क्यों पूर्व राष्ट्रपति ने नहीं जताई खुशी

**नई दिल्ली।** डोनाल्ड ट्रंप की ट्विटर पर वापसी हो चुकी है. पूरे 22 माह बाद उनके अकाउंट से बैन हट चुका है. इस फैसले को लेने से पहले ट्विटर के नए मालिक एलन मस्क ने एक पोल कराया था. इसमें 15 मिलियन यूजर्स ने ट्रंप के अकाउंट को दोबारा से सक्रिय करने को लेकर समर्थन दिया था. इस आधार पर मस्क ने यह निर्णय लिया. उन्होंने ट्वीट करके कहा, लोग चाहते हैं कि ट्रंप के अकाउंट को बहाल किया जाए. गौरतलब है कि अमेरिकी राष्टपति चुनाव के नतीजे डोनाल्ड ट्रंप के पक्ष में न आने के बाद उनके समर्थकों ने यूएस कैपिटल की इमारत पर हमला किया था. इन हमलावरों को ट्रंप ने ट्वीट करके क्रांतिकारी बताया था. इसके बाद भी ट्रंप नहीं रुके और उन्होंने राष्टपति समारोह में न जाने का निर्णय ट्विटर पर डाला. उस समय जो बाइडेन राष्टपति पद की शपथ लेने वाले थे. ट्विटर ने ट्रंप पर भीड़ को उकसाने का आरोप लगाया और उनके अकाउंट को बैन कर दिया था. पहले यह बैन 12 घंटे के लिए था. बाद यह बढ़कर अनिश्चिकाल के लिए हो गया. हालांकि इस वापसी को लेकर ट्रंप ने खुशी नहीं जताई है. उनका कहना है कि वह अपने सोशल मीडिया ग्रुप ट्रूथ सोशल पर रहना पसंद करेंगे. हालांकि उन्होंने एलन मस्क को एक अच्छा इंसान बताया. उन्होंने उम्मीद जताई कि वे ट्विटर में जल्द जरूरी बदलाव करेंगे. एलक मस्क ने पिछले दिनों एक पोल कराया था. इसमें उन्होंने यूजर्स से पूछा था कि क्या पूर्व अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप के अकाउंट से बैन हटा लेना चाहिए. इस पर यूजर्स ने 52 प्रतिशत हां में जवाब दिया. ट्रंप का अकाउंट 20 जनवरी 2021 से बंद पड़ा हुआ है. पूर्व अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप के आकाउंट बैन को लेकर ट्विटर ने अपने पहले ब्लॉग पोस्ट में कहा था कि ट्रंप अगर आगे भी हमारी नीतियों को न मानते हुए अपने भड़काऊ ट्वीट को जारी रखते हैं, तो उनके खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे. इसके बाद भी ट्रंप ने अपने विवादित बयानों को जारी रखा. इस कारण उनके अकाउंट को स्थाई तौर पर सस्पेंड कर दिया गया. इस कदम पर ट्रंप के समर्थकों ने नाराजगी व्यक्त की थी और उस समय के ट्विटर मालिक जैक डोसी को एक खास विचारधारा का समर्थक बताया था. उन पर भेदभाव का आरोप लगाया गया था.



## पूजा स्थल अधिनियम के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से हलफनामा दाखिल करने को कहा

नई दिल्ली। सर्वोच्च न्यायालय ने सोमवार को केंद्र सरकार को पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम 1991 के कुछ प्रावधानों की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर व्यापक हलफनामा दायर करने के लिए 12 दिसंबर तक का समय दिया. मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला की अध्यक्षता वाली पीठ ने केंद्र का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता द्वारा किए गए प्रस्तुतीकरण पर ध्यान दिया, कि आखिर क्यों जवाब दाखिल नहीं किया जा सका. अधिनियम 15 अगस्त, 1947 को प्रचलित पूजा स्थल को पुन- प्राप्त करने या उसके चरित्र में परिवर्तन की मांग करने के लिए मुकदमा दायर करने पर रोक लगाता है. मेहता ने पीठ के समक्ष प्रस्तुत किया कि विस्तृत हलफनामा दायर करने के लिए उन्हें सरकार से परामर्श करने की आवश्यकता है और इसके लिए उन्हें समय दिया जाए. भाजपा के वरिष्ठ नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने प्रस्तुत किया कि उन्होंने अपनी याचिका में अधिनियम को अलग करने की मांग नहीं की है और कहा कि अयोध्या विवाद की तरह, काशी और मथुरा में कथित विवादित स्थलों से संबंधित मामलों को अधिनियम के दायरे से बाहर रखा जाना चाहिए. स्वामी ने कहा- मैं अधिनियम को रद्द करने के लिए नहीं कह रहा हूं. लेकिन दो मंदिरों को जोड़ा जाना चाहिए और अधिनियम जैसा है वैसा ही बना रह सकता है. पीठ ने कहा कि वह सुनवाई की अगली तारीख पर स्वामी की याचिका पर विचार करेगी.

## दिल्ली-एनसीआर में मदर डेयरी ने बढ़ाए दूध के दाम



**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में रहने वालों को महंगाई का झटका लगा है. दरअसल, दूध की कंपनी मदर डेयरी ने दूध के दामों में इजाफा किया है. कंपनी ने फुल क्रीम दूध के दाम बढ़ाए हैं. यहां प्रति लीटर पर एक रुपये की बढ़ोतरी की है. वहीं टोकन वाले दूध पर दो रुपये प्रति लीटर का इजाफा किया है. यह नए दाम 21 नवंबर यानि सोमवार से लागू हो जाएंगे. इस साल मदर डेयरी दूध के दामों में चौथी बार बढ़ोतरी हुई है. दिल्ली-एनसीआर में दूध की सबसे अधिक सप्लाई मदर डेयरी करती है. कंपनी का कहना है कि लागत बढ़ने के कारण उसने यह बढ़ोतरी की है. दिल्ली में हर रोज 30 लाख लीटर से अधिक दूध की खपत है. दिल्ली-एनसीआर में लगातार दूध के दाम बढ़ रहे हैं. कंपनी के प्रवक्ता के अनुसार, मदर डेयरी ने फुल क्रीम के दाम में एक रुपये की बढ़ोतरी की है. यह अब 64 रुपये प्रति लीटर है. वहीं आधा लीटर के पैक में बिकने वाले फुल क्रीम दूध की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है. वहीं टोकन वाले दूध की कीमत अब सोमवार से 50 रुपये प्रति लीटर हो जाएगी. अभी ये 48 रुपये प्रति लीटर है.

**क्यों बढ़ रही दूध की कीमत**–मदर डेयरी ने दूध की कीमतों में बढ़ोतरी के लिए कच्चे दूध की खरीद में लगातार हो रहे इजाफे को जिम्मेदार ठहराया है. प्रवक्ता के अनुसार, इस वर्ष दूध की मांग और आपूर्ति में भारी फासला है. चारे की बढ़ती लागत के कारण कच्चे दूध की उपलब्धता कम हो रही है. इसके लिए मानसून जिम्मेदार है. त्योहारी सीजन में अचानक दूध की मांग बढ़ जाती है. ऐसे में मांग और आपूर्ति में बड़ा अंतर आ जाता है.

## सुरक्षा बलों को मिली बड़ी कामयाबी, हथियारों के साथ तीन आतंकियों को पकड़ा

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना और पुलिस ने श्रीनगर के सुदूर इलाके में अभियान चलाकर बड़ी कामयाबी हासिल की है. रविवार की सुबह सेना ने एके सीरीज के राइफल्स, दो पिस्तौल, नौ मैगजीन और दो सौ राउंड बुलेट्स की भारी खेप के साथ तीन हाइब्रिड आतंकवादियों को पकड़ा है. पुलिस के अनुसार, ये हाइब्रिड आतंकी आधुनिक हथियारों से लैस होते हैं, जो बिना कोई सूबत छोड़े काम होने के बाद वापस अपने नियमित कार्यों से जुड़ जाते हैं. इससे पहले जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में लश्कर का आतंकी सज्जाद तांत्रे भी मारा गया. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, चेकी डूडा क्षेत्र में सुरक्षा बलों को रविवार कुछ आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी. पुलिस और भारतीय सेना ने मिलकर यह ज्वाइंट सर्च ऑपरेशन चलाया था. कुख्यात आतंकी सज्जाद तांत्रे भी उनके साथ था. इस दौरान इलाके में मौजूद आतंकियों ने गोलियों की बरसात कर दी. इसमें सज्जाद की मौत हो गई. जांच के दौरान पता चला कि हाइब्रिड आतंकी सज्जाद ने कई वारदातों को अंजाम दिया था. उसने 13 नवंबर को कुछ मजदूरों पर हमला किया था. ये गंभीर रूप से घायल हो गए थे. इसके बाद इनमें से एक मजदूर की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई थी.

## एयर इंडिया की फ्लाइट बीच रास्ते से मुंबई लौटी

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया की फ्लाइट को तकनीकी खराबी के कारण बीच रास्ते से लौटना पड़ा. मुंबई के छत्रपति शिवाजी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से कालीकट जाने वाली एयर इंडिया फ्लाइट में 114 यात्री सवार थे. इस विमान को तीन घंटे की देरी के बाद दोबारा रवाना किया गया. गौरतलब है कि मुंबई-कालीकट सेक्टर पर परिचालन कर रही एयर इंडिया की उड़ान एआई 581 तकनीकी समस्या की वजह से सुबह 6:13 बजे उड़ान भरने के बाद 6:25 बजे लैंड कराई गई. एयरलाइन के अनुसार, विमान के दोबरा संचालन को लेकर पहले इंजीनियरिंग जांच की गई थी. विमान ने बाद में सुबह 9:50 बजे अपने गंतव्य के लिए दोबारा से उड़ान भरी. हालांकि, यह पहला ऐसा मौका नहीं है कि जब कोई क्लाइट तकनीकी खराबी के कारण देरी से चली हो. इससे पहले एयर इंडिया की एक और फ्लाइट ने तकनीकी खराबी के कारण तीन घंटे की देरी से उड़ान भरी. ये फ्लाइट दिल्ली से लंदन के लिए उड़ान भरने वाली थी. दरअसल यह मामला सीट आवंटन को लेकर था. ऐसे में उड़ान में कुछ देरी हुई. वहीं एयरलाइंस का कहना था कि यह देरी मौसम खराब होने के कारण हुई. इससे पहले एक इंडिगो फ्लाइट को तकनीकी खराबी के कारण बीच रास्ते से लौटना पड़ा. यह एयरलाइंस कोलकाता से मुंबई की ओर जा रही थी. फ्लाइट को उड़ान भरने के कुछ समय बाद ही लौटना पड़ा. विमान में 156 यात्री मौजूद थे. इस फ्लाइट ने सुबह दस बजे नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी. कुछ समय के बाद ही विमान के पायलट ने तकनीकी खराबी के कारण विमान को वापस लाने की इजाजत मांगी. फ्लाइट को दोबारा कोलकाता एयरपोर्ट पर लाया गया.



## इमरान खान ने फिर की भारत की विदेश नीति की तारीफ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने फिर से भारत की विदेश नीति की तारीफ की है. पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष इमरान खान ने शनिवार को वर्चुअल माध्यम से अपने लांग मार्च को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की विदेश नीति स्वतंत्र और स्वतंत्र है. एएनआई के मुताबिक रूस से तेल खरीदने के भारत के फैसले के बारे में बोलते हुए, खान ने कहा, मुझे भारत का उदाहरण लेना चाहिए, जो हमारे साथ-साथ आजाद हुआ था. अब इसकी विदेश नीति को देखें. यह एक स्वतंत्र और स्वतंत्र विदेश नीति का अनुसरण करता है. भारत अपने निर्णयों के पक्ष में डट कर खड़ा रहता है कि अपने नागरिकों के हित में रूस से तेल खरीदेंगे.



### कई बार कर चुके हैं मोदी सरकार की तारीफ

यूक्रेन युद्ध के बीच पश्चिम के दबाव के बावजूद मोदी सरकार के अपने राष्ट्रीय हितों के अनुरूप रूसी तेल की खरीद की सराहना करते हुए इमरान खान ने कहा कि भारत और अमेरिका क्वाड सहयोगी हैं. इसके बावजूद भारत ने अपने नागरिकों के हित में रूस से तेल खरीदने का फैसला किया. देश में जल्द चुनाव कराने के लिए पाकिस्तान में लांग मार्च का नेतृत्व कर रहे इमरान खान ने बार-बार भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की है. खान ने पहले अक्टूबर में भारत की विदेश नीति की यह कहते हुए सराहना की थी कि भारत अपनी मर्जी से रूस से तेल आयात करने में सक्षम था, जबकि पाकिस्तान पश्चिम का गुलाम था, क्योंकि वह अपने नागरिकों के कल्याण के लिए निडर निर्णय लेने में असमर्थ था. इससे पहले नवंबर में इमरान खान ने मोदी सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा था कि भारत ने अमेरिका के साथ गरिमापूर्ण संबंधों का भरपूर लाभ उठाया है.

### अमेरिका ने भी भारत को दे रखी है छूट

गौरतलब है कि पिछले हफ्ते संयुक्त राज्य के ट्रेजरी सचिव जेनेट येलेन ने कहा था कि भारत जितना चाहे उतना रूसी तेल खरीद सकता है. वह भी तब जब जी 7-लगाए गए मूल्य नियंत्रण से ऊपर की कीमतें शामिल हैं. इसके पहले पश्चिम के दबाव के बावजूद भारत ने रूस से तेल खरीदने के अपने फैसले पर पुनर्विचार करने से इंकार कर दिया था. भारतीय विदेश मंत्री एस जयसंकर ने दो टूक कहा था कि भारत अपने नागरिकों और राष्ट्रीय हितों के अनुरूप फैसला लेने से पीछे नहीं हटेगा.

### इंदिरा गांधी के सात फैसलों से बदले देश के हालात, पाकिस्तान को मिली करारी हार

**नई दिल्ली।** भारत की पहली महिला पीएम इंदिरा गांधी की आज जयंती है. हमारे देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की वे पुत्री थीं. उनका जन्म 19 नवंबर 1917 में हुआ था. इंदिरा गांधी शुरूआत से अपने पिता के नक्शे कदमों पर चल रही थीं. मात्र 11 वर्ष की उम्र में इंदिरा ने ब्रिटिश शासन के खिलाफ बच्चों की वानर सेना को तैयार किया था. वे 1938 में भारतीय राष्टीय कांग्रेस में शामिल हो गईं. जब जवाहरलाल नेहरू पीएम बने तो इंदिरा ने सरकार के लिए कार्य करना जारी रखा. उन्हें शुरूआत में मूक गुड़िया कहकर भी पुकारा गया. पंडित नेहरू के बाद इंदिरा ने पिता की राजनीतिक विरासत संभाली. वे देश की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं. उन्होंने अपनी सरकार में कई अहम निर्णय लिए. कई फैसले काफी दमदार थे. इन निर्णयों की बदौलत उनका नाम हमेशा के लिए इतिहास में दर्ज हो गया. आइए जानते हैं उनके कुछ बड़े फैसले जिसने देश को प्रभावित किया.

## नफरत फैलाने वाला जाकिर नाइक फुटबॉल वर्ल्ड कप में देगा भाषण

**नई दिल्ली।** कतर में फीफा वर्ल्ड कप के पहले दिन के मैच शुरू होने से पहले ही एक ट्वीट ने धमाका कर दिया. ट्वीट में जानकारी दी गई कि इस फुटबॉल वर्ल्ड कप में जाकिर नाइक दीनी व्याख्यान देंगे. दीनी व्याख्यान का मतलब है कि धर्म से जुड़े हुए भाषण. जैसे ही यह खबर भारतीयों को पता चली तो करोड़ों लोग सन्न रह गए. दरअसल, जाकिर नाइक भारत में भगोड़ा घोषित है. भारत में उसके ऊपर तमाम मुकदमे दर्ज हैं. इन मुकदमों में हेट स्पीच और आतंकवाद के लिए प्रेरित करने के भी मुकदमे हैं. मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार हाल में गिरफ्तार कई आतंकियों ने ये बताया था कि वह जाकिर नाइक का वीडियो देख आतंकवाद के रास्ते पर चले थे. इसके अलावा जाकिर नाइक पर मनी लॉड्रिंग, समाज में नफरत फैलाने जैसे मुकदमे दर्ज हैं. जाकिर नाइक के भाषण कितने खतरनाक होते हैं, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि देश के गृह मंत्रालय तक ने ये कहा था कि जाकिर नाइक के भाषण आपत्तिजनक और विध्वंसक हैं.



भारत सरकार ने साल 2016 में नाइक से संगठन इस्लामिक रिसर्च फाउंडेशन पर प्रतिबंध लगा दिया था. आरोप था कि इसी फाउंडेशन की आड़ में मनी लॉड्रिंग का भी खेल चल रहा था. गिरफ्तारी के डर से जाकिर नाइक मलेशिया भाग गया था. साल 2017 में उसे भगोड़ा घोषित कर दिया गया था. यही नहीं, साल 2021 में जब पाकिस्तान में एक मंदिर तोड़ने की घटना सामने आई थी तब जाकिर नाइक ने इस संबंध में बयान जारी किया था. जाकिर नाइक ने कहा था कि मंदिर तोड़ना बिल्कुल गलत नहीं है. इस्लामिक देश में मंदिर नहीं होने चाहिए. अब कतर के सरकारी खेल चैनल अलकास के प्रस्तोता फैसल अलहाजरी ने ट्वीटर पर यह जानकारी दी है कि कतर के फुटबॉल वर्ल्ड कप में जाकिर नाइक धर्म के नाम पर भाषण देगा. फिलहाल भारत सरकार की ओर से इस पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है लेकिन सोशल मीडिया पर इस पर बहस शुरू हो गई है. एक ओर जहां जाकिर नाइक के फुटबॉल वर्ल्ड कप में भाषण देने की खबर आई है, वहीं जाकिर नाइक से जुड़ी एक और बड़ी खबर आई है. मलेशिया में जाकिर नाइक को शरण देने वाले वहां के पूर्व प्रधानमंत्री महातिर मोहम्मद चुनाव हार गए हैं.

# एलन मस्क ने हटाया डोनाल्ड ट्रंप पर लगा ट्विटर का बैन

**नई दिल्ली।** एलन मस्क ट्विटर के नए मालिक बनने के बाद से लगातार चर्चा का विषय बने हुए है। अब उन्होने जानकारी दी है कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ट्विटर पर एक बार फिर वापसी हो गई है। उन्होने एक ट्वीट के माध्यम से इसकी जानकारी दी है। एलन मस्क ने एक दिन पहले ही ट्विटर एक पोल आयोजित किया था जिसमें सवाल पूछा गया था कि डोनाल्ड ट्रंप के अकाउंट को बहाल किया जाना चाहिए, या नहीं। अब उन्होने पोल के नतीजों का हवाला देते हुए डोनाल्ड ट्रंप के अकाउंट को बहाल करने की जानकारी दी है। उन्होने बताया कि पोल के नतीजों के मुताबिक 52 प्रतिशत लोगों ने ट्रंप के अकाउंट को बहाल करने की मांग की है वहीं 48 प्रतिशत लोग इसके खिलाफ दिखाई दिए थे। जनवरी 2021 में यूएस कैपिटल में दंगे हुए जिसके लिए एक हद तक डोनाल्ड ट्रंप को जिम्मेदार माना गया था। दंगों में उनकी भूमिका को लेकर अमेरिका में जांच भी चल रही है। डोनाल्ड ट्रंप उस दौरान अपने समर्थकों से ट्विटर के जरिए बाते कर रहे थे और दंगों को लेकर अपनी राय रख रहे थे। इसके बाद सोशल नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म ट्विटर ने उन्हें बैन कर दिया था। इसके बाद ट्रंप ने अपना ही एक प्लेटफॉर्म लॉन्च किया था। इसका नाम उन्होंने ट्रुथ सोशल रखा था। एलन मस्क के ट्विटर अधिग्रहण किए जाने के बाद पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी टिप्पणी की थी और लिखा था कि अब ट्विटर सही हाथों में पहुंचा है। उन्होने लिखा था कि अब मैं बहुत खुश हूं कि ट्विटर अब सही हाथों में है। अच्छा है कि अब इस पर पागलों और सनकियों का अधिकार नहीं होगा जो वास्तव में हमारे देश से नफरत करते हैं। जानकारी के मुताबिक, ट्विटर पर वापसी को लेकर डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अभी उनका ट्विटर पर वापस आने का कोई इरादा नहीं है।



# समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने मंच पर छुए चाचा शिवपाल यादव के पैर




लखनऊ। उत्तर प्रदेश में आगामी उपचुनाव को लेकर सभी पार्टी चुनावी मैदान में दिखाई दे रहे हैं। 5 दिसम्बर को उत्तर प्रदेश की 2 विधानसभा सीटों और एक लोकसभा सीट पर उपचुनाव होने हैं। मुलायम सिंह के निधन के बाद खाली हुई मैनपुरी लोकसभा सीट पर भी मतदान होना है। इन चुनावों के नतीजे 8 दिसंबर को आएंगे। यहां से सपा ने डिंपल यादव को प्रत्याशी बनाया है। डिंपल यादव के चुनाव प्रचार में अखिलेश यादव खुद सक्रिय दिखाई दे रहे हैं और वोट की अपील के लिए लोगों के बीच पहुंच रहे हैं। रविवार को डिंपल यादव के समर्थन में सपा की ओर से इटावा में जनसभा की गई। इस सभा में अखिलेश यादव के चाचा शिवपाल यादव भी दिखाई दिए। चर्चा इस बात की बनी हुई है कि मंच पर मौजूद अखिलेश ने शिवपाल यादव के पैर छूए और उनसे आशीर्वाद लिया। शिवपाल यादव का अखिलेश यादव ने गुलदस्ता देकर स्वागत भी किया।

# पहली बार दुनिया के सामने आई नॉर्थ कोरिया के तानाशाह की बेटी

**नई दिल्ली।** उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन की बेटी पहली बार दुनिया के सामने आई है। दरअसल किम जोंग उन शनिवार को अपनी बेटी के साथ कोरिया की सबसे बड़ी बैलिस्टिक मिसाइल के लॉन्चिंग में दिखे। इस दौरान किम जोंग उन अपनी 12 साल की बेटी का हाथ पकड़े नजर आए। बता दें कि ऐसा पहली बार हुआ कि किम जोंग उन अपनी बेटी के साथ खुले तौर पर दुनिया के सामने आए हैं। हालांकि उनकी बेटी को लेकर कोई और जानकारी सामने नहीं आई है। इसमें न तो उनका खुलासा किया गया और न ही कोई डिटेल सामने आई है। यह फोटो उस वक्त की है जब दोनों मिसाइल का निरीक्षण करने पहुंचे थे। किम जोंग उन की बेटी को लेकर कयास लगाए जा रहे हैं कि उसकी उम्र 12 से 13 साल हो सकती है। जानकारी के मुताबिक मिसाइल लॉन्चिंग बता दें कि किम की बेटी की उपस्थिति को लेकर किसी को पहले से कोई जानकारी नहीं थी। सामने आई तस्वीरों में किम जोंग उन एक सफेद कोट में अपने पिता के साथ हाथ मिलाते हुए दिखाई दे रही है।

वहीं अमेरिक स्थित स्टिम्सन सेंटर में उत्तर कोरिया के नेतृत्व विशेषज्ञ माइकल मैडेन ने कहा, यह पहला मौका है जब लोगों ने किम जोंग उन की बेटी को एक सार्वजनिक कार्यक्रम में देखा है। उन्होंने कहा कि यह होना बेहद खास है। विशेषज्ञों का कहना है कि किम के तीन बच्चे हैं, जिनमें दो बेटी और एक बेटा है। 2013 में सेवानिवृत्त अमेरिकी बास्केटबॉल स्टार डेनिस रोडमैन ने कहा कि किम की जू ए नाम की एक बेबी बेटी है। उसी साल उत्तर कोरिया की यात्रा के बाद रोडमैन ने द गार्जियन अखबार को जानकारी दी कि उन्होंने किम और उनके परिवार के साथ समय बिताया था।



मैडेन ने कहा कि जू ए की उम्र लगभग 12-13 वर्ष होगी, ऐसे में आने वाले लगभग चार से पांच सालों में वह विश्वविद्यालय में जाने या सैन्य सेवा में जाने की तैयारी कर रही होगी।

# पुराने कलेक्टर को की गई शिकायत पर क्या खरे उतरेंगे नवांगत कलेक्टर

### क्या गांव मैं पत्रकार पैदा होना गुनाह है,15 सालों से काम कर रही कर्मचारी के बिगड़े बोल,तो पत्रकार ने की कलेक्टर को शिकायत

**दैनिक पुष्पांजली**

खातेगांव। बात तो पुरानी है,लेकिन पत्रकार के आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाने वाली है स्थानीय जनपद पंचायत खातेगांव में पदस्थ सावित्री पटाक कहने के लिए आवक जावक पदों पर नियुक्त होने के साथ आवाक-जवाक के ज्ञाता है जो आवेदन पर साईन कर विभाग की बिना सील लगाए शिकायातकर्ता को टालने का काम करती है सूत्रों से मिली जानकरी के अनुसार वर्तमान में अकाउंटेंट का काम भी देख रही है। जो पिछ्ले 10 साल से अधिक समय से ज.प खातेगांव में पदस्थ है मेडम साहिबा विगत दिन खातेगांव तहसील के ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले पत्रकार हर्षित तिवारी आईआरटी के अंतर्गत कुछ जानकारी लेने के लिए जनपद कार्यालय खातेगांव पहुंचे तो वहां पर सावित्री पटाक ने पत्रकार को लज्जित करने की भावना से चार अन्य लोगों के समक्ष यह कहकर के ग्रामीण में भी अब पत्रकार पैदा होने लगे हैं गाँव मे कितने पत्रकार पैदा हो गये है और दिए हुए आवेदन पर साईन कर बिना सील लगाए टालने लगी और आनैतिकता जैसे शब्दों की सीमा पार मैडम ने हर्षित और उनके पत्रकार राकेश इनानिया के समक्ष कर दी ! जिससे हर्षित तिवारी तथा अन्य लोगों को उनकी बात सुनकर मानसिक रूप से धक्का लगा तत्काल वहां से वह अपने साथी पत्रकार के साथ कार्यालय से बाहर निकल गए उनके साथ हुई इस घटना का आवेदन तत्कालिक एसडीएम त्रिलोकचन्द्र गोड़ तथा तत्कालिक जिला कलेक्टर चंद्रमौली शुक्ल के नाम लिखकर प्रेषित किया कई दिनों से इनके दफ्तर में शिकायत पड़ी रहने के बाद दोनों अधिकारियों का तबादला हो गया और उस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई लेकिन हाल ही में नवागत जिला कलेक्टर ऋषभ गुप्ता को खातेगांव दौरे के समय पत्रकार हर्षित तिवारी ने पुनर स्मरण के लिए आवेदन पत्र सौपतड़ हुए जिला कलेक्टर से तत्काल सविता पटाक के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के की माँग की अब देखना यह है कि नवागत जिला कलेक्टर लापरवाह मगरूर अधिकारी कर्मचारियों को किस तरह दंडित करते हैं । यह स्थिति लगभग सभी विभागों मैं है इस घटना से हां की कल्पना कर सकते हो कि जो अधिकारी कर्मचारी पत्रकारों से सीधे मुंह बात नहीं करते वह हम आम लोगों से कैसे बात करते होंगे ? जहां अधिकारी दुर कर्मचारी भी अपने कर्तव्य का पालन नहीं करते और ना ही सम्मानित व्यक्तियों के साथ सम्मान जनक व्यबहार करते हैं

# मुजफ्फनगर में 300 साल पुरानी मस्जिद पर चला बुलडोजर

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में 300 साल पुरानी मस्जिद पर बुलडोजर चलाया गया है। नेशनल हाईवे के चौड़ीकरण के लिए यह कार्रवाई की गई है। पानीपत-खटीमा नेशनल हाइवे पर चल रहे चौड़ीकरण के काम के बीच यह मस्जिद आ रही थी, जिसके लिए कई बार प्रशासन ने खुद लोगों से इसे हटाने के लिए कहा था, लेकिन चेतावनी पर गौर नहीं किया गया। इसके बाद प्रशासन ने बुलडोजर से मस्जिद को जमींदोज कर दिया। यह मस्जिद शेरनगर गांव में स्थित थी। सदर के एसडीएम परमानंद झा ने बताया कि इस इलाके में रहने वाले लोगों से कई बार मस्जिद को कहीं और शिफ्ट करने के लिए कहा गया, लेकिन दिए गए समय तक मस्जिद को नहीं हटाया गया। इसके बाद बुलडोजर की कार्रवाई की गई। अधिकारी ने यह भी बताया कि सरकारी जमीन पर बने दो और अवैध निर्माणों को भी हटाया जाना है। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई विकास के लिए की जा रही है ताकि नेशनल हाइवे को चौड़ा किया जा सके। उन्होंने आगे कहा, ये 709 एडी, जो पानीपत-खटीमा के नाम से जाना जा रहा है, यहां हमारी तहसील के तीन गांव हैं, 2 गांवों में हमने पूर्ण रूप से ये अवैध निर्माण हटवा दिया। ये शेरनगर ऐसा गांव था, जिसमें अतिक्रमण अभी भी है। ग्राम समाज सरकारी भूमि पर ही निर्मित था और लोगों से बार-बार कहा भी जा रहा था। माननीय सर्वोच्च न्यायालय के भी आदेश हैं कि किसी भी प्रकार का अतिक्रमण सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के क्रम में ना रहे।

# विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की बैठक में नहीं आए भाजपा के तीन सांसद

**महाना।** भारतीय जनता पार्टी की उत्तर प्रदेशइकाई के भीतर की कलह शुक्रवार (19 नवंबर, 2022) को उस वक्त सामने आ गई। जब राज्य के तीन मौजूदा सांसदों ने कानपुर में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में शामिल नहीं हुए। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना कर रहे थे।

तीनों ने बैठक को संसदीय परंपराओं के खिलाफ और असंवैधानिक करार देते हुए बुधवार को कानपुर के मंडलायुक्त और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक हस्ताक्षरित पत्र भी भेजा है। सांसदों ने दावा किया कि केवल सीएम और प्रभारी मंत्री ही ऐसी बैठकें बुला सकते हैं। कानपुर के सांसद सत्यदेव पचौरी ने शुक्रवार को हुई बैठक का सबसे पहले विरोध किया, लेकिन जल्द ही अकबरपुर के सांसद देवेंद्र सिंह भोले और मिसरिख के सांसद अशोक सिंह रावत उनके साथ शामिल हो गए। बता दें, 14 नवंबर को महाना के सलाहकार मुलख राज ने कानपुर मंडलायुक्त राज शेखर को पत्र लिखकर क्षेत्र में विकास कार्यों की समीक्षा के लिए महाना की अध्यक्षता में एक बैठक बुलाने के लिए कहा था। इसके तुरंत बाद, कानपुर नगर के मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ), सुधीर कुमार ने कानपुर क्षेत्र के सभी सांसदों और विधायकों को पत्र लिखकर महाना की अध्यक्षता में बैठक की जानकारी दी। आठ बार के विधायक महाना महाराजपुर निर्वाचन क्षेत्र से मौजूदा विधायक हैं, जिसको वो 2012 से जीत आ रहे हैं।




इससे पहले उन्होंने कानपुर छावनी सीट जीती थी। सोशल मीडिया पर उनके द्वारा साझा की गई जानकारी के अनुसार, शुक्रवार की बैठक में कानपुर मंडल में महत्वपूर्ण परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। जिसमें उनका निर्वाचन क्षेत्र एक हिस्सा है, जैसे कि कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेसवे, रामादेवी एलिवेटेड रोड, एक निर्माणाधीन सुपर-स्पेशियलिटी अस्पताल शामिल है। जबकि महाना ने अपने ट्वीट्स में एक बैठक करार दिया। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा, 'जनपद कानपुर के मण्डलायुक्त सभाकक्ष में जनप्रतिनिधियों और जिलाधिकारी, मण्डलायुक्त, एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जनपद के सर्वांगीण विकास हेतु चल रहे कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को प्रत्येक कार्य को नियत समय एवं गुणवत्तापूर्ण कराने के निर्देश दिये। वहीं मीडिया रिपोर्ट में दावा किया है कि यह शक्ति का दावा अधिक है। भाजपा के अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, महाना खेमे के कई नेता, जैसे भाजपा यूपी उपाध्यक्ष सलिल विश्नोई और पार्टी के क्षेत्रीय सचिव मोहित सोनकर उपस्थित थे। इस बीच पचौरी ने एक मीडिया हाउस को बताया, मैंने कहा है कि केवल सीएम और प्रभारी मंत्री ही इस तरह की बैठकें कर सकते हैं। अब स्पीकर भी ऐसी मीटिंग बुला रहे हैं। इस तरह की बैठक करना उनके अधिकार क्षेत्र से बाहर है। हमने इस व्यवस्था पर आपत्ति जताई है। मैंने और सांसद भोले ने हाल ही में कानपुर के विकास के लिए केंद्रीय रेल मंत्री के साथ बैठक की है। कई अन्य बैठकें समय-समय पर आयोजित की गई हैं। पचौरी ने कहा कि वह यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि चूंकि स्पीकर के सलाहकार के पास कोई संवैधानिक पद नहीं है, इसलिए उनके पास संभागीय आयुक्त को निर्देश जारी करने की शक्ति नहीं है। पचौरी ने कहा कि किस आधार पर स्पीकर के सलाहकार ने संभागीय आयुक्त को निर्देश जारी किया है। और संभागीय आयुक्त उनके निर्देश पर कैसे कार्य कर सकते हैं। संभागीय आयुक्त का पद एक संवैधानिक पद है और वह इस तरह के निर्देशों पर ध्यान नहीं देने का विकल्प नहीं चुन सकते हैं।

# मेरे ऊपर ट्रक चढ़ा सकते हैं भूमाफिया

## चंदौसी एसडीएम को सता रहा जान का डर

उत्तर प्रदेश के संभल जिले में भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे चंदौसी के एसडीएम राजपाल सिंह ने अपनी जान को खतरे की आशंका जताई है। इस संबंध में उन्होंने एक वीडियो जारी कर कहा कि भूमाफियाओं से उनकी जान को खतरा है। इतना ही नहीं एसडीएम ने भूमाफियाओं द्वारा उनका मर्डर करवाए जाने की भी आशंका जताई है। उनका कहना है कि आरोपी एसडीएम के ऊपर ट्रक भी चढ़वा सकते हैं। उन्होंने फिलहाल इस मामले में कोतवाली में तहरीर दे दी है और दो प्रॉपर्टी डीलर्स पर आरोप लगाते हुए जान का खतरा बताया है। इससे पहले एसडीएम पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए थे। आरोपी प्रॉपर्टी डीलर्स ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर एसडीएम के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायत की थी। इसके बाद डीएम ने एसडीएम के खिलाफ जांच के निर्देश दिए थे।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एसडीएम राजपाल सिंह के वीडियो में वह कहते सुनाई दे रहे हैं कि पवन गुप्ता और गिरीश अग्रवाल से उनकी जान को खतरा है और वे मर्डर कराए जाने की आशंका भी जता रहे हैं। वह यह भी कह रहे हैं कि प्रॉपर्टी डीलर उनके ऊपर ट्रक चढ़वाकर उनकी हत्या करवा सकते हैं। उनकी तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। यूपी पुलिस ने फिलहाल आरोपी प्रोपर्टी डीलर्स के खिलाफ केस दर्ज नहीं किया है। वहीं, आरोपी डीलर और अखिल भारतीय वैश्य समाज के राष्ट्रीय संरक्षक पवन गुप्ता ने एसडीएम पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि राजपाल सिंह धारा 80 के आदेश भूमि विनिमय सहित अन्य मामलों में लगातार रिश्वत की मांग कर रहे हैं। प्रोपर्टी डीलर ने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री के साथ मंडलायुक्त और डीएम से भी की है। उन्होंने कहा कि शिकायत से बौखला कर एसडीएम उन पर फर्जी आरोप लगा रहे हैं।



एसडीएम का कहना है कि उनके द्वारा प्रॉपर्टी डीलर पवन गुप्ता के खिलाफ भू-माफिया के तौर पर कार्रवाई की गई थी। इसके बाद से वह लगातार उन्हें और उनके स्टाफ को निशाना बना रहे हैं और झूठी शिकायतें भी कर रहे हैं। एसडीएम ने कहा कि प्रॉपर्टी डीलर ने उनके स्टेनो अर्दली को जान से मारने की धमकी भी दी है, जिसके बाद उन्होंने मामले की तहरीर दी।

# टीटीई ने दिया फौजी को चलती ट्रेन से धक्का, दोनों पैर कट

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के बरेली जिले से दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। बरेली जंक्शन पर गुरुवार को डिब्रूगड़ से नई दिल्ली जा रही राजधानी एक्सप्रेस में चढ़ने के दौरान टीटी ने चलती ट्रेन से फौजी को धक्का दे दिया। धक्का देने से रेलवे ट्रैक पर गिरे फौजी के दोनों पैर कट गए। जिसके बाद साथी फौजियों ने जमकर बवाल काटा।

डिब्रूगढ़-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस (205030) के बरेली जंक्शन से रवाना होते समय कोच नंबर क्ञ8 में च? रहे फौजी सोनू को ञ्ञश्च ने धक्का दे दिया, जिससे फौजी प्लेटफार्म और ट्रेन के बीच में गिर गया। धक्का लगते ही फौजी का संतुलन बिगड़ा और वह चलती ट्रेन से नीचे गिर गया। सिपाही ने अपने दोनों पैर इस हादसे में गंवा दिए हैं। घटना पर बौखलाए साथी जवानों ने बरेली रेलवे स्टेशन पर जमकर हंगामा किया। आरोपी टीटीई फरार~ गंभीर रूप से जख्मी फौजी को आर्मी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। काफी समझाने के बाद सेना के आक्रोशित जवान शांत हुए। टीटीई पर आरोप है कि उसने पहले फौजी के साथ बहस की फिर चलती ट्रेन में धक्का दे दिया। हंगामे की वजह से ट्रेन काफी देर तक स्टेशन पर ही रुकी रही। आरोपी टीटीई मौके से फरार है। जैसे ही इस घटना की जानकारी सेना को हुई तो सैन्य अधिकारी, जवान और पुलिस बड़ी संख्या में रेलवे स्टेशन पर पहुंच गए। स्टेशन पर जमकर हंगामा हुआ। इस दौरान करीब एक घंटे तक ट्रेन रेलवे स्टेशन पर खड़ी रही। इसके बाद मौके पर जीआरपी, आरपीएफ और सिविल पुलिस पहुंच गई। टीटीई पर केस दर्ज~ वहीं जीआरपी इंस्पेक्टर अजीत कुमार सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी होते ही वह प्लेटफार्म नंबर दो पर पहुंच गए थे और आगे की कार्रवाई की गई है। टीटीई सुपन बोर पर हत्या के प्रयास का आरोप लगाया गया है। घटना के बाद से वह फरार है। उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मंडल के वरिष्ठ वित्त प्रबंधक सुधीर सिंह ने कहा कि हम सीसीटीवी फुटेज देख रहे हैं। रेलवे पुलिस के स्टेशन हाउस अधिकारी अजीत प्रताप सिंह ने कहा, टीटीई बोर पर भारतीय दंड संहिता की धारा 307 (हत्या का प्रयास) के तहत मामला दर्ज किया गया है। वह फरार है और उसे गिरफ्तार करने के प्रयास जारी हैं।



# डिंपल यादव के खिलाफ नहीं मिला मैनपुरी से टिकट

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मैनपुरी लोकसभा सीट पर उप चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। इस सूची में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित प्रदेश के 40 बड़े पार्टी नेताओं के नाम शामिल हैं, वहीं अपर्णा यादव का नाम इस लिस्ट में शामिल नहीं किया गया है। इसके पहले इस उपचुनाव में अपर्णा यादव को बीजेपी उम्मीदवार के तौर पर उतारे जाने के कयास लगाए जा रहे थे। पहले अपर्णा का इस उपचुनाव में टिकट नहीं मिला और अब स्टार प्रचारकों की सूची से उनका नाम गायब है। मैनपुरी की लोकसभा सीट समाजवादी पार्टी के संरक्षक मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद खाली हुई सीट पर उपचुनाव में सपा की ओर से जहां डिंपल यादव



खड़ी हैं वहीं उनके खिलाफ बीजेपी से एक सप्ताह पहले तक संभानाएं कुछ ऐसी दिखाई दे रहीं थीं कि डिंपल यादव के खिलाफ अपर्णा यादव को चुनाव में उतारा जाएगा अपर्णा मुलायम सिंह यादव की छोटी बहू हैं। उत्तर प्रदेश विधानसभा से ठीक पहले अपर्णा ने समाजवादी पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया था।

फिलहाल बीजेपी ने मैनपुरी से रघुराज सिंह शाक्य को मैदान में उतारा है। वहीं बीजेपी की जारी की गई स्टार प्रचारकों की सूची से भी अपर्णा का नाम गायब है। हालांकि रघुराज सिंह शाक्य भी समाजवादी पार्टी से रहे हैं। वो सपा के संस्थापक सदस्यों में से एक हैं। शाक्य अपने आपको मुलायम सिंह यादव का शिष्य बताते हैं। शाक्य ने आगरा यूनिवर्सिटी से पढ़ाई की है उन्होंने छात्र संघ राजनीति के जरिए सियासत में कदम रखा है। मैनपुरी लोकसभा सीट की बात करें तो यहां पर मुलायम सिंह यादव के परिवार का दबदबा रहा है। इस सीट से मुलायम सिंह यादव परिवार के 3 सदस्य 6 बार लोकसभा जा चुके हैं। मुलायम सिंह यादव इस सीट से 4 बार सांसद बन चुके हैं एक बार भतीजे धर्मेंद्र यादव और एक बार उनके पोते तेज प्रताप यादव लोकसभा जा चुके हैं। लोकसभा चुनाव में इस सीट पर बीजेपी के बड़े नेता भी चुनाव प्रचार को नहीं गए थे।



# जरूरतमंदों की सेवा और सदस्य जुड़ाव जीतो का प्रमुख ध्येयप्त

**जीतो बेंगलुरू नार्थ की पत्रकार वार्ता**
**पुष्पाजंली टुडे**

बेंगलुरू :शनिवार को बेंगलुरू के जीतो अध्याय में बढ़ती सदस्य संख्या, समाज के अत्यधिक व्यक्तियों तक पहुच बनाने, लीडरशिप का विकास करने, कार्यों को ज्यादा लोगो तक पहुचाने, सेवा कार्यों का अधिकतम क्रियान्वयन कर सकने जैसे अनेको कारण हो सकते है बैंगलोर जीतो का नार्थ और साउथ में विस्तारित होने के परंतु आपसी तालमेल व सामंजस्य के साथ जरूरतमंदों की सेवा और सदस्य जुडाव ही जीतो का प्रमुख ध्येय है, यह बात जीतो बैंगलुरु नार्थ के अध्यक्ष इंदरचंद बोहरा ने कही। चामराजपेट स्थित जीतो कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि परिवार में सदस्य संख्या बढ़ने पर फैलाव तो आम बात है परंतु आपसी विश्वास के साथ कार्यों को गतिशील बनाये रखना आपसी सौहार्द का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि मानव सेवा ही हमारा प्रमुख उद्धेश्य है, यहा पर किसी भी प्रकार की प्रतिस्पर्धा न होकर सेवा कार्यों में आगे जाने की मानसिकता है। उन्होंने पत्रकारिता को वंदन करते हुए कहा कि इसी वजह से जीतो के कार्यो को भलीभाँति जन-जन तक पहुँचाया जाता है। इस अवसर पर पत्रकारों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए जीतो बैंगलोर नार्थ के महामंत्री सुधीर गादिया ने कहा कि जीतो के अध्याय जीतो अपेक्स द्वारा निर्धारित सामान्य न्यूनतम कार्यक्रमों की भूमिका पर कार्य करते है। उन्होंने कहा कि बैंगलोर में जीतो की स्थापना के बाद से ही जिम्मेदारी सम्हालने वाली प्रत्येक समिति ने समाजहित में सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास किया है। आगामी समय में जीतो बैंगलोर नार्थ द्वारा आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि जेपीएफ, सीआईआईएफ के अंतर्गत कौशल विकास, जेबीएन जैसे मंच के माध्यम से सदस्यों का व्यावसायिक उत्थान, स्पोर्ट्स के माध्यम से खेल प्रतिभाओ का विकास, विहार धाम द्वारा गुरु भगवंतो




की सेवा-सुश्रुषा, छात्रावासों के माध्यम से विद्यार्थियों को सुविधा देना, दानवीरों से प्राप्त अर्थ से श्रावक-उन्नति योजना का संचालन करना, संचार तकनीक का ज्यादा से ज्यादा उपयोग द्वारा अधिक सदस्यों से जुड़ना इत्यादि कार्यों को प्रमुखता दी जायेगी। सदस्यता अभियान पर उन्होंने बताया कि भौगोलिक दृष्टि से जीतो नार्थ का फैलाव ज्यादा होने से जीतो सदस्यता से वंचित समाज के बंधुओं तक पहुचने का कार्य द्रुतगति से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ज्यादा लोगो तक पहुचना यानी जीतो की योजनाओं को ज्यादा जन मेदनी तक पहुचाना है। पत्रकार वार्ता में उपस्थित जीतो बेंगलुरू नॉर्थ की महिला विंग अध्यक्ष बिंदु रायसोनी ने कहा कि महिला विंग अपने सशक्त आयामों के साथ आगे बढ़ेगी, चैप्टर के मार्गदर्शन एवं अपेक्स द्वारा तय मानको के अनुसार महिला विंग समाज की हर महिला से सशक्त संपर्क बनाने हेतु आगे कदम बढ़ाएगी एवं उनकी प्रतिभाओं को आगे लाने हेतु उन्हें मंच प्रदान करेगी।महिला विंग महिलाओं के आध्यात्मिक, रचनात्मक एवं सामाजिक सशक्तिकरण हेतु अनेक कार्यक्रम आयोजित करेगी जिसके अंतर्गत वह अपने व्यक्तित्व को निखारने में सफल बनेगी। महिला उद्यमों को आगे बढ़ाने हेतु उड़ान के जरिए ऊंचाई के नए शिखर का प्रयास,अधिक से अधिक सदस्यों को जोड़ते हुए घर-घर जीतो इस नारे को बुलंद करना व महिलाओं को स्वावलंबी बनाना प्रमुख ध्येय होगा। उन्होंने कहा कि आज की महिला हर क्षेत्र में उड़ान भरने में सक्षम है। पत्रकार वार्ता में उपस्थित युवा विंग के अध्यक्ष मनीष कोठारी ने युवा विचारो को रखते हुए कहा कि चेप्टर के माध्यम से समाज की युवा पीढ़ी को संगठित कर उनको जीतो में जोड़कर प्रतिभा दिखाने का प्लेटफॉर्म प्रदान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सदस्य चाहे खेल, नृत्य या व्यापार किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ने में रुचि रखता हो उनको उसी प्रकार का मंच प्रदान कराया जायेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि युवा विंग समग्र दृष्टिकोण के आस-पास रहते हुए कार्य करेगी। उन्होंने भविष्य की योजनाओ की जानकारी देते हुए कहा कि यूथ कन्वेंसन, जेआईआईएफ, पब्लिक स्पीकिंग, व्यक्तित्व विकास जैसी कार्यशालाओं का आयोजन कर मजबूत लीडरशिप तैयार करना तथा घर-घर जीतो पहुचाने को प्राथमिकता दी जायेगी। जीतो बैंगलुरु नार्थ के उपाध्यक्ष व मीडिया प्रभारी सिद्धार्थ बोहरा ने इस अवसर पर कहा कि आज संचार के अनेको माध्यम उपलब्ध होने के बावजूद भी प्रिंट मीडिया की विश्वनीयता अपना अलग ही स्थान रखती है। उन्होंने कहा कि मीडिया की विश्वनीयता तथा जीतो का विश्वास यह दो आधार ही जीतो के वास्तविक कार्यों को जन जन तक पहुचाने का कार्य करते है। उन्होंने श्रमण आरोग्यम, जेएटीएफ, श्रावक-उन्नति जैसी जीतो की अति महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी पत्रकारों को दी।जीतो की अनेको योजनाओं की विवरण सहित जानकारी पत्रकारों को होने से उन्होंने न केवल उत्सुकता वश उन योजनाओं से संबंधित प्रश्न किये अपितु योजनाओं के उत्थान हेतु उन्होंने सुझाव भी दिये।

## नशे में मत अटको, विकास के पथ पर बड़ोः दुबे

**नशे से जीवन चक्र के साथ पर्यावरण भी दूषित होता है**

**पुष्पांजली टुडे न्यूज**

**भिण्ड ।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा चयनित नवांकुर संस्था चौधरी रूप नारायण दुबे समाज कल्याण समिति भिंड द्वारा ग्राम सगरा में नशामुक्ति अभियान के तहत एक शिविर आयोजित कर ग्राम में रैली निकालकर पर्चे पेंपलेट वितरित कर बैनर पोस्टर के माध्यम से नशा नहीं करने का सन्देश दिया गया। वही शिविर को संबोधित करते हुए समाजसेवी सुनील दुबे कहा नशा चाहे शराब, तंबाकू का हो या फिर किसी भी चीज का नशा नशा ही होता है जो सिर चडकर बोलता है। जो हमारे पूरे जीवन चक्र में हमारे ग्रह को प्रदूषित करता है। संस्था के कार्यक्रम अधिकारी योगेश यादव व्ही एस ए ने कहा कि हम सबसे पहले बच्चों को नशे के प्रति घृणा पैदा कर उन्हे जागरूक करें जिससे बच्चे अपने घर जाकर अपने माता पिता भाई बंधुओ के साथ साथ साथ मे पड़ोस में रहने बालों को रोकें टोके। प्राध्यापक अभय सिंह कुशवाह ने बच्चों के साथ साथ ग्रामिणजनों को सन्देश दिया कि घर के बड़े लोग बच्चों से किसी भी प्रकार का नशा नहीं मगायें। ओर सभी को आगाह करते हैं कि कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक स्थल पर नशा करता है या बेचता है हम उसके खिलाफ कार्रवाई करेंगे। रैली मे ब्रजेंद सिंह राजावत, रोली परमार, मान सिंह, नरहरी सिंह ने सहयोग कर साथ दिया।

## अम्बाह सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर में हुआ मातृ शक्ति सम्मेलन

**केशब पंडित जी अम्बाह**






**अम्बाह।** बालक के सर्वांगीण विकास में मां की महती भूमिका रहती है माँ को ही बालक का प्रथम गुरु कहा जाता है बालक का सर्वांगीण विकास हो इसी बात को ध्यान में रखते हुए स्वतंत्रता संग्राम मे अपने प्राणों की आहुति देने वाली नारी शक्ति एवं वीरता की प्रतीक रानी लक्ष्मी बाई की जयंती के सुअवसर पर विद्यालय में मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती सुनीता तोमर (पूर्व पार्षद अम्बाह) ने की मुख्य अतिथि श्रीमती दीपशिखा मिश्रा (भूतपूर्व आचार्या स.शि.मं.अम्बाह)एवं मुख्यवक्ता के रूप में श्रीमती नीता गोस्वामी दीदी (बालिका शिक्षा प्रांत प्रमुख) उपस्थित रहीं ।कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की दीदी श्रीमती शोभा चतुर्वेदी ने किया अतिथि परिचय श्रीमती रेखा नगाइच दीदी ने कराया । कार्यक्रम में मुख्यवक्ता महोदया ने बालक के नैतिक, आध्यात्मिक, व शारिरिक विकास पर माताओं से चर्चा की कार्यक्रम में 100 से अधिक माताएं उपस्थित रहीं माताओं ने अनेक खेल गतिविधियों में भाग लेते हुए कार्यक्रम में सहभागिता की।

## टीबी हारेगा, देश जीतेगा आईसेप ने कॉलेज के छात्रों के साथ संगोष्ठी का किया आयोजन, दिए टिप्स

**रिपोर्टर अभिषेक कुशवाह**




सिरोंजः इंडियन सोसाइटी ऑफ एग्रीबिजनेस प्रोफेशनल-किसान वाणी सिरोंज के द्वारा शनिवार को नगर के शासकीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय छात्रों के साथ टी बी हारेगा, देश जीतेगा,विषय को लेकर संगोष्ठी आयोजित की गई जिसमें कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया है इस दौरान बीएमओ अमित बेदियाा, निखिल कुमार, पुष्पराज सिंह, डॉ.लालचंद राजपूत ,डॉ.गोलू जाटव, रामबाबू कुशवाह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ईकाई के नेतृत्व में रानी लक्ष्मीबाई की 187 वीं जयंती मनाई



### निःयुद्ध के द्वारा कैसे करे आत्मरक्षा की दी जानकारी

**पुष्पांजलि टुडे। पाली राजस्थान**
**संवाददाता नरेश कुमार सिरवी**

रानी पाली। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ईकाई बाली के नगर मंत्री विक्रम सिंह पुरोहित के नेतृत्व में रानी लक्ष्मीबाई की 187 वीं जयंती के उपलक्ष्य पर मिशन साहसी का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य छात्राओं को अपने स्वयं की रक्षा किस प्रकार की जाएं तथा वर्तमान की परिस्थितियों को देखते हुए उसके बारें में जानकारी प्रदान की गई। **अभी की नारी पड़े सब पे भारी, यहीं हैं नारी की शक्ति**-साथ ही नवदुर्गा वाहिनी पाली विभाग संयोजिका प्रांचल सैन तथा बाली विभाग संयोजिका नेहा तिवारी द्वारा छात्राओं को अभी की नारी पड़े सब पे भारी, यहीं हैं नारी की शक्ति के बारे में कहते हुए शारीरिक मानसिक शिक्षा के शिक्षण की जानकारी दी गई तथा छात्राओं को बिना अस्त्र शस्त्र के कैसे लड़ा जाए। उसके बारे में प्रांचल सैन और नेहा तिवारी ने जानकारी देकर कहा कि हम अपने शारीरिक बल, बुद्धि का उपयोग कर अपने शत्रु को परास्त कर सकतें हैं। शत्रु चाहें कितना भी बलवान क्यों ना हो हम उसको निःयुद्ध द्वारा हरा सकते हैं। निःयुद्ध में हम केवल अपने हाथों और पैरों का उपयोग करते हैं। इस युद्ध के अनेक प्रकार के दण्ड सिखाए गए। जिसका उपयोग कर हम अपनी आत्मरक्षा कर सकतें हैं। इस कार्यक्रम में छात्रसंघ अध्यक्ष दुर्गेश सीरवी, छात्रसंघ उपाध्यक्ष प्रियका भारती, रघुवीर सिंह, अक्षय वैष्णव, सोनू सुथार, भवानी सिंह, किशन कुमार, राहुल वर्मा, राजवीर सिंह, मोती लाल देवासी, राहुल कुमार आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## थाना डबरा देहात पुलिस ने अज्ञात हत्या के प्रकरण का खुलासा कर आरोपी को किया गिरफ्तार

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** थाना डबरा देहात क्षेत्र में दिनांक 12.11.2022 को जेल रोड़ के पास रेल्वे ट्रेक के नीचे एक अज्ञात बॉडी पड़े होने की सूचना प्राप्त हुई थी। उक्त सूचना पर थाना डबरा देहात में मर्ग क्रमांक 35/22 कायम कर जांच में लिया गया। दौरान जांच अज्ञात मृतक की पहचान ईद खान निवासी डबरा के रूप में हुई। जांच के दौरान यह भी ज्ञात हुआ कि अज्ञात मृतक की मृत्यू किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा पत्थर से कुचलकर की गई है जिस पर से थाना डबरा देहात में अप0क्र0 326/22 धारा 302 भादवि का प्रकरण अज्ञात आरोपी के विरूद्ध पंजीबद्ध किया गया। उक्त हत्या की घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघी,भापुसे द्वारा अति0 पुलिस अधीक्षक देहात श्री जयराज कुबेर को थाना डबरा देहात पुलिस की टीम बनाकर उक्त हत्या की घटना का पर्दाफाश कर आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन में एसडीओपी डबरा श्री विवेक कुमार शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में कार्य करते हुए थाना प्रभारी डबरा देहात निरीक्षक राजकुमारी परमार के नेतृत्व में उक्त प्रकरण की विवेचना प्रारम्भ की गई। दौराने विवेचना पुलिस को जानकारी प्राप्त हुई कि घटना दिनांक को प्रेम नगर कालोनी डबरा में रहने वाले एक व्यक्ति के साथ मृतक को देखा गया था। उक्त सूचना पर दिनांक 19.11.2022 को संदेही को पुलिस अभिरक्षा में लेकर उससे पूछताछ की गई तो उक्त संदेही ने दिनांक 11.11.2022 को मृतक के साथ मिलकर शराब पीना स्वीकार किया और उसके द्वारा यह भी बताया गया कि शराब पीने के दौरान हम दोनों के बीच आपस में विवाद हो गया था तब उसी विवाद के चलते मैंने पत्थर से कुचलकर उसकी हत्या कर दी थी और मौके से भाग गया था। पुलिस टीम द्वारा उक्त संदेही को थाना डबरा देहात के अप0क्र0 326/22 धारा 302 भादवि में गिर0 किया जाकर उससे घटना के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

**सराहनीय भूमिका:**-उक्त अज्ञात हत्या के प्रकरण का खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी डबरा देहात निरीक्षक राजकुमारी परमार, उनि0 रवि नरवरिया, सउनि नंदकिशोर झा, आरक्षक थान सिंह, अरूण शर्मा, राघवेन्द्र, आकाश शर्मा, कमलेश, सत्येन्द्र, जितेन्द्र साहू, दीबान सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

## ग्वालियर की मेघा सोनी को झाँसी मैं मिला मैं भी मणिकर्णिका सम्मान

महारानी लक्ष्मीबाई की जयंती के उपलक्ष में डॉक्टर मनु जी स्मृति समिति ट्रस्ट द्वारा मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया कार्यक्रम के निर्णायक निधि नामदेव द्वारा शिवानी को प्रथम खुशबू को द्वितीय तथा डोली को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया एवं रंगोली प्रतियोगिता में पल्लवी को प्रथम शिवानी को द्वितीय एवं स्वीटी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ मनुजी स्मृति समिति ट्रस्ट के नेहा श्रीवास्तव द्वारा की गई इसके बाद डॉ मनु जी स्मृति समिति ट्रस्ट द्वारा मैं भी मणिकर्णिका सम्मान का आयोजन महारानी लक्ष्मी बाई पार्क में बेबी इमरान खान के मुख्य अतिथि एवं संस्था के सचिव डॉ पुनीत श्रीवास्तव की



अध्यक्षता में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि द्वारा 51 युवतियों को मैं भी मणिकर्णिका सम्मान से सम्मानित किया गया जिसमे मेघा सोनी को भी सम्मानित किया गया जिसमें मेघा सोनी ने अपने दम पर कड़ी मेहनत और लगन से झांसी और ग्वालियर का नाम रोशन किया है और यह प्रदेश के कई शहरों में जाकर अपनी नृत्य कला का प्रदर्शन करती हैं इस दौरान इन्हें महारानी लक्ष्मीबाई के जन्मदिवस पर मैं भी मणिकर्णिका सम्मान से सम्मानित किया गया मेघा सोनी कत्थक नृत्यांगना के साथ-साथ एक समाजसेवी भी हैं जो कई क्षेत्रों में अपनी रुचि लेती हैं और कई मंचों से सम्मानित होकर अपने शहर का नाम रोशन करती हैं इसके साथ ही यह राम महोत्सव ओरछा मैं अपनी कला का प्रदर्शन कर चुकी है और सम्मानित हो चुकी है तथा इनको झाँसी मैं टीवी अभिनेत्री टीना दत्ता द्वारा भी सम्मानित हो चुकी है।

## जच्चा बच्चा को स्वस्थ रखने वाले स्वयं कुपोषित






**महेन्द्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** अनिल दौनेरिया, जिला महासचिव, सेन्टर आफ इंडिया ट्रेड यूनियन सीटू से प्राप्त जानकारी अनुसार जच्चा और बच्चा दोनों के स्वास्थ्य रखने का कार्य आशा ऊषा आशा सहयोगी करती है केन्द्र सरकार एव राज्य सरकार की समस्त स्वास्थ योजनाओं को गांव गांव घर घर में पहुंचाने का कार्य आशा ऊषा सहयोगी करती हैं मध्यप्रदेश भाजपा सरकार केवल 2 हजार रुपए प्रति माह देती हैं लेकिन महाराष्ट्र 10500। आंध्रप्रदेश 10हजार तेलंगाना एवं केरल 9500मासिक दे रही है प्रोत्साहन राशि बंद कर आशा को 10 हजार एवं पर्यवेक्षक को 15 हजार रूपए प्रति माह दो अन्य कार्य कराना बंद करो कोविड ड्यूटी एवं एल एन टी सहित अन्य बकाया का एरियर सहित भुगतान करो आदि 16 मांगी को लेकर मध्यप्रदेश आशा आशा सहयोगिनी श्रमिक संघ एवं आशा ऊषा आशा सहयोगी एकता यूनियन सीटू मध्यप्रदेश के संयुक्त मोर्चा 14 नवंबर से 19 नवंबर तक राज्य व्यापी हड़ताल चल रही थी आज़ हड़ताल के आखिरी दिन अनिल दौनेरिया जिला महासचिव सीटू ने जिला अस्पताल परिसर में। सम्बोधित करते हुए कहा राज्य के समस्त चिकित्सालय परिसर में आश ऊषा सहयोगी के लिए सुरक्षित सुविधा युक्त विश्रारामगृह होना चाहिए जच्चा को लेकर आने वाली आशा ऊषा आराम कर सके आशाओं को रिटायर के वाद फण्ड एवं पेंशन की व्यवस्था सरकार को करनी चाहिए। मध्यप्रदेश आश आशा सहयोगिनी श्रमिक संघ की जिला महासचिव ममता राजावत ने कहा गर्भवती महिलाओं में यदि 3 महा के गर्भ के समय हिमोग्लोबिन रक्त कम है तो आयरन की बोतल चिकित्सक लोग नहीं चडाते है यदि गर्भवती महिलाओं की चार वार जांच करनी होती है किन्हीं कारणों से यदि एक वार जांच कराने से चूक जाती है तो आशा को मिलने वाली प्रोत्साहन राशि शून्य हो जाती है आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य भी सरकार ने आशाओं को करने के लिए दे दिया है प्रोत्साहन राशि को बनद कर एक मुसत वेतन भुगतान की मांग पर सरकार मौन धारण कर लेती है 14 से 19 नवंबर तक हड़ताल का नेतृत्व भागवती प्रियंका शिवहरे नीलम शर्मा मुन्नी तोमर नीतू चौहान कविता राठौर आराधना आदि ने किया आंदोलन को सफल बनाने के लिए सभी बहिनों का योगदान सहयोग के कारण हड़ताल सफल रही।

## सम्पादकीय

### गुजरात में एक सौ चालीस लोगों की जान लेने वाले मोरबी हादसे में अदालत सक्रिय

*गुजरात हाई कोर्ट ने पिछले हफ्ते इस हादसे पर स्वत~ संज्ञान लिया था। अदालत ने मोरबी नगर पालिका को नोटिस जारी कर सोमवार तक कुछ सवालों के जवाब दाखिल करने को कहा था। लेकिन नगर पालिका ने सोमवार तक जवाब नहीं दिए, सो हाई कोर्ट ने फटकार लगा दी और कह दिया कि चौबीस घंटे में जबाव नहीं दिया तो एक लाख रुपए का जुर्माना लगा दिया जाएगा। जवाब फिर भी दाखिल नहीं हुआ। नगर पालिका के वकील ने तर्क दिया कि नगर पालिका के प्रभारी और डिप्टी कलक्टर चुनाव डयूटी पर हैं, इसलिए ऐसा नहीं हो पाया। यानी अब तक कि स्थिति यह है कि तमाम फटकारों और चेतावनी के बावजूद मोरबी हादसे पर अदालती सुनवाई तेजी से आगे नहीं बड़ पा रही है। बहरहाल यह बात सही साबित हो रही है कि हादसे हों या सरकारी लापरवाहियां या फर्जीवाड़े या भ्रष्टाचार के मामले, उनकी जांच पड़ताल और अदालती कार्यवाहियों में देर लगती या लगाई जाती है। लेकिन मोरबी हादसा बहुत ज्यादा गंभीर मामला है। लिहाजा उम्मीद की जानी चाहिए कि देर कितनी भी हो जाए, अंधेर नहीं हो पाएगा। इतिहास की एक धरोहर के रूप् में खड़ा यह नायाब पुल इस साल 30 अक्तूबर को ढह गया था। इस हादसे में एक सौ चालीस लोग मर गए। इसी वजह से यह ज्यादा सुर्खियों में आया। मीडिया की पड़ताल में ऐसे अंदेशे जताए जाने लगे कि पुल की मरम्मत और जीर्णोद्धार के काम में भारी लापरवाही और अनियमितताओं के कारण पुल गिर गया। लेकिन हादसे के हफ्तेभर बाद तक इस मामले में ज्यादा कुछ होते नहीं दिखा। उसी बीच मीडिया की कुछ खबरों पर अदालत की नजर चली गई और उसने संज्ञान लेते हुए खबर को एक जनहित याचिका मान लिया और इस पुल के रखरखाव की जिमम्मेदार नगर पालिका को नौ नवंबर को नोटिस जारी कर दिए। तब से यही इंतजार हो रहा था कि नगर पालिका के जिम्मेदार अफसर सवालों के जवाब देगें और पता चलेगा कि गड़बड़ कहां हुई। लेकिन एक हफ्ता और गुजर गया, पर गड़बड़ी और उसे करने वालों को कठघरे में लाने का काम आगे नहीं बड़ पा रहा है। हालांकि अदालत का रुख देख कर लग रहा है कि देर भले हो जाए, पर जिम्मेदार अफसरों या कर्मचारी या पुल के ठेकेदारों या मरम्मत के लिए हुए करार के दोषी पक्षकार बच नहीं पाएंगे। अदालत के स्वत~ संज्ञान से दाखिल हुई जनहित याचिका पर अब तक की कार्यवाही से कुछ सवाल जरूर खड़े हो गए हैं। हालांकि अदालत के इन सवालों के जवाब दाखिल होने के बाद ही यह पता चल पाएगा कि इस पुल की मरम्मत के काम के लिए कोई टेंडर हुआ था या नहीं। यह भी तभी पता चलेगा कि पुल के रखरखाव के लिए किस तरीके का ठेका या करार किया गया। यह सवाल भी कम महत्त्व का नहीं है कि डेड़ सौ साल पुरानी इस ऐतिहासिक धरोहर के मामले में किसी निजी कंपनी से अनुबंध का पूरा दस्तावेज सिर्फ डेड़ पेज में ही कैसे निपट गया। अदालत ने गुजरात सरकार से यह भी पूछा है कि क्या उसने इस कंपनी को कोई ढील दे रखी थी। पुल ढह जाने के बाद ऐसे सवालों के जवाब दे पाना इतना आसान नहीं है क्योंकि यह मामला किसी गलती को सुधारने की गुंजाइश वाला नहीं है। यानी कसूरवारों को चेतावनियां या जुर्माना भर कर मामले को सुलटा देना आसान नहीं होगा।*

# राजीव गांधी हत्याकांड की दोषी नलिनी श्रीहरन

अदालत ने कहा है कि दोषियों का जेल में आचरण अच्छा था, उन्होंने किताब लिखी, समाज सेवा की और डिग्री भी हासिल की। मगर केंद्र सरकार ने इस फैसले को नैसर्गिक न्याय नहीं माना है। उसका कहना है कि इस मामले में फैसला सुनाते वक्त उसे पक्षकार नहीं बनाया गया। उसका पक्ष भी सुना जाना चाहिए था। केंद्र ने इस फैसले पर पुनर्विचार याचिका दाखिल की है। हालांकि राजीव गांधी की हत्या के छह दोषियों को रिहा करने का प्रस्ताव तमिलनाडु मंत्रिमंडल ने चार साल पहले पारित कर राज्यपाल से इसके लिए अनुरोध किया था। दोषियों में से एक को मई में ही रिहा कर दिया गया था और तभी सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट कर दिया था कि बाकी दोषियों को भी इसी आधार पर रिहा किया जा सकता है। मगर इस मामले में केंद्र सरकार की आपत्ति और फैसले पर पुनर्विचार की अपील उचित है। हालांकि राजीव गांधी के परिजनों ने मानवीय सहानुभूति दिखाते हुए हत्या के दोषियों की रिहाई पर एक तरह से सहमति दे दी थी, मगर कांग्रेस पार्टी ने सर्वोच्च न्यायालय के ताजा फैसले का विरोध किया। केंद्र सरकार का तर्क वाजिब है कि याचिकाकर्ताओं की अपील में प्रक्रियात्मक कमी होने की वजह से केंद्र सरकार को पक्षकार नहीं बनाया जा सका, मगर पूर्व प्रधानमंत्री की हत्या के दोषियों की रिहाई से पहले उसका पक्ष सुना जाना चाहिए था। इस हत्या में शामिल लोगों ने बकायदा साजिश रच कर आतंकी गतिविधि को अंजाम दिया था। उनमें से तीन श्रीलंका के नागरिक हैं। अगर इस तरह समय से पहले किसी आतंकी घटना में शामिल लोगों को रिहा कर दिया जाएगा, तो उससे पूरी दुनिया में गलत संदेश जाएगा। यह पूरी तरह से भारत सरकार की संप्रभु शक्तियों के अधीन आता है। केंद्र के तर्क को सिरे से खारिज नहीं किया जा सकता। मगर जब करीब छह माह पहले सातवें दोषी को रिहा किया गया था, तभी केंद्र को यह याचिका दायर कर देनी चाहिए थी। देर से ही सही, इस मामले में अदालत से पुनर्विचार की अपेक्षा स्वाभाविक है सामान्य अपराध के मामलों में इसलिए अदालत का समय से पूर्व रिहा कर देने का



फैसला उचित मान लिया जाता है कि उनमें दोषियों के फिर से अपराध की दुनिया में न लौटने और उनसे समाज को कोई खतरा न होने का तर्क सहज स्वीकार्य होता है। मगर राजीव गांधी की हत्या सामान्य अपराध नहीं, बल्कि एक देश के पूर्व प्रधानमंत्री की साजिश रच कर आतंकवादी समूह के लोगों द्वारा की गई थी। उनसे बेशक अब समाज को कोई खतरा न हो, पर इस रिहाई से दूसरे आतंकियों का मनोबल बढ़ने से इनकार नहीं किया जा सकता। भारत आतंकवाद के खिलाफ सख्त रुख अपनाए हुए है और दूसरे देशों के साथ लगातार इस मामले में सहयोग संबंधी समझौते करता रहा है। ऐसे में अगर उसी के एक प्रधानमंत्री की हत्या के दोषी आतंकवादियों को सजा पूरी होने से पहले ही रिहा कर दिया जाता है, तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गलत संदेश जाएगा। फिर दूसरे आपराधिक मामलों में आजीवन कारावास की सजा भुगत रहे लोग भी इसे नजीर मान कर अपनी रिहाई की याचिका लगाना शुरू कर देंगे।

# उम्मीद का अंतरिक्ष

स्काईरूट रॉकेटों की एक श्रृंखला विकसित कर रहा है, उन सभी का नाम भारतीय अंतरिक्ष भारत में उपग्रह प्रक्षेपण का शुल्क बाकी देशों की तुलना में काफी कम होने की वजह से अनेक देश अब यहीं से अपने उपग्रहों का प्रक्षेपण कराना उचित समझते हैं। इस मामले में एक नया कीर्तिमान रचा है, स्काईरूट नाम की एक



निजी कंपनी ने पहली बार राकेट प्रक्षेपित करके। यह पहला मौका है, जब कोई निजी कंपनी उपग्रह प्रक्षेपण के क्षेत्र में उतरी है। हालांकि भारत सरकार ने दो साल पहले ही निजी क्षेत्र की कंपनियों के लिए भी अंतरिक्ष अनुसंधान का क्षेत्र खोल दिया था, उसी के तहत विक्रम एस नाम का यह निजी कंपनी का राकेट तैयार किया गया। इस राकेट ने दो घरेलू और एक विदेशी कंपनी के उपग्रह पृथ्वी की कक्षा में स्थापित करने का बीड़ा उठाया। यह प्रक्षेपण भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्र के दिशा-निर्देशों के तहत ही किया गया।

हालांकि जब अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में निजी कंपनियों के लिए छूट का प्रस्ताव पारित हुआ था, तब तरह-तरह के संदेह जाहिर किए गए थे। कई लोगों का मानना था कि इससे इसरो की गोपनीयता भंग होगी और यहां की तकनीक चोरी होने का खतरा बना रहेगा। मगर स्काईरूट के पहले राकेट प्रक्षेपण से वे तमाम आशंकाएं निर्मूल साबित होती नजर आ रही हैं। दरअसल, अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में अभी असीम संभावनाएं हैं और अनेक वैज्ञानिक निजी स्तर पर बहुत कुछ करना चाहते हैं, मगर उन्हें इसरो और दूसरे देशों के अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्रों की तरफ से उचित मदद नहीं मिल पाती। अब ऐसे वैज्ञानिक अंतरिक्ष को अपने ढंग से खंगाल सकेंगे और नई संभावनाओं के मार्ग खोलने में मदद कर सकेंगे। जिन तीन कंपनियों के उपग्रह अभी छोड़े गए हैं, वे स्टार्ट-अप कंपनियां हैं और वे अंतरिक्ष में कचरा प्रबंधन जैसे कार्य करने को उत्सुक हैं। दरअसल, अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में सरकारी स्तर पर हो रहे कार्यों में कई तरह की वैधानिक जटिलताएं होती हैं, जिसके चलते उनमें अनावश्यक देर होती रहती है या फिर वैज्ञानिक कई परियोजनाओं पर आगे नहीं बड़ पाते। निजी क्षेत्र के अनुसंधान में ऐसी अड़चनें नहीं आतीं। इसलिए इस क्षेत्र में निजी कंपनियों के आने से निस्संदेह अंतरिक्ष अनुसंधान की दिशा में उल्लेखनीय काम हो सकेंगे। आज जिस तरह हर काम डिजिटल तकनीक पर निर्भर होता गया है, उसमें उपग्रहों की भूमिका महत्त्वपूर्ण हो गई है। इसलिए उपग्रह प्रक्षेपण का कारोबार ही काफी बड़ा होता गया है। फिर अंतरिक्ष के अनेक रहस्य अभी बहुत उलझे हुए हैं। अभी तक ज्यादातर जानकारियां सौरमंडल से ही जुड़ी हुई प्राप्त हो पाई हैं, जबकि इसके पार भी बड़ा संसार है। वहां तक पहुंचना बहुत बड़ी चुनौती है। ऐसे में अगर निजी कंपनियां अपने संसाधनों के जरिए इस दिशा में कुछ वैज्ञानिक योगदान देने और संभावनाओं के दोहन में मदद करती हैं, तो उन्हें प्रोत्साहन मिलना ही चाहिए। दुनिया में कुछ कंपनियां अब दूसरे ग्रहों और अंतरिक्ष की सैर की योजनाएं भी बनाने लगी हैं। अंतरिक्ष में पर्यटन का खाका तैयार है। इसलिए अगर भारत निजी कंपनियों को अंतरिक्ष में होड़ करने से रोकता, तो उसकी तरक्की में भी बाधा उपस्थित होती। इस लिहाज से इस पहले प्रक्षेपण ने उम्मीद का नया क्षितिज खोला है।

# शुरू हो रहे हैं विवाह के शुभ योग



देवउठनी एकादशी के बाद से मांगलिक कार्यों का आगाज हो जाता है. हालांकि इस वर्ष सूर्य के परिवर्तन की वजह से विवाह मुहूर्त करीब 15 दिन देरी से शुरू हो रहे हैं. हालांकि दो महीने के अंदर करीब 8 शुभ विवाह मुहूर्त इस बार पड़ रहे हैं. ऐसे में शादी की तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए आप भी इन दिनों में अच्छे मुहूर्त देखकर विवाह संपन्न कर सकते हैं. वहीं इस दौरान नवंबर में अष्टलक्ष्मी राजयोग बनने जा रहा है. अष्टलक्ष्मी राजयोग मांगलिक कार्य के लिहाज से बेहद उत्तम माना जाता है. आइए जानते हैं नवंबर और दिसंबर में पड़ने वाले शुभ विवाह मुहूर्त की तारीखें और अष्टलक्ष्मी राजयोग से जुड़ी जरूरी बातें. अष्ट लक्ष्मी राजयोग को मांगलिक कार्यों के लिए सबसे अच्छा योग माना जाता है. ऐसे में इस दिन अगर आप विवाह के बंधन में बंधते हैं तो उसके सफल होने के अवसर और भी ज्यादा बढ़ जाते हैं. इस योग में शुभ कार्य करने पर दोगुना फल की प्राप्ति होती है. दरअसल इस वर्ष नवंबर में चार और दिसंबर के महीने में चार विवाह के शुभ मुहूर्त बन रहे हैं. यही वजह है कि इसे अष्टलक्ष्मी राजयोग कहा जा रहा है. इस दौरान सर्वार्थ योग, धृति योग, ध्रुव योग और रवि योग भी बन रहा है.

### 1. नवंबर 24 (गुरुवार)

दिनांक 24 नवंबर 2022 को सर्वार्थ सिद्धि योग सुबह 06~51 मिनट से लेकर शाम 07~37 तक रहेगा. इस योग में विवाह निश्चिंत भाव से कर सकते हैं. इस योग में आपके सभी काम संपन्नता के साथ पूरे होंगे.

### 2. नवंबर 25 (शुक्रवार)

दिनांक 25 नवंबर 2022 को धृति योग सुबह 08~44 मिनट से लेकर शाम 05~21 तक रहेगा.

### 3. नवंबर 27 (रविवार)

दिनांक 27 नवंबर 2022 को वृद्धि योग रात 09~34 मिनट से लेकर अगले दिन शाम 06~05 तक रहेगा.

### 4. नवंबर 28 (सोमवार)

दिनांक 28 नवंबर 2022 को ध्रुव योग बन रहा है, इसका शुभ मुहूर्त शाम 06~05 से लेकर सुबह 10~29 मिनट तक रहेगा.

### 1. दिसंबर 02 (शुक्रवार)

दिनांक 02 दिसंबर 2022 को सिद्धि योग बन रहा है और ये योग सुबह 07~30 मिनट से लेकर अगले दिन सुबह 05~51 मिनट तक रहेगा.

### 2. दिसंबर 07 (बुधवार)

दिनांक 07 दिसंबर 2022 को रवि योग बनने जा रहा है और इसका शुभ मुहूर्त सुबह 07~01 मिनट से लेकर अगले दिन सुबह 10~25 मिनट तक रहेगा.

### 3. दिसंबर 08 (गुरुवार)

दिनांक 08 दिसंबर 2022 को साध्य योग बनने जा रहा है और इसका शुभ मुहूर्त दोपहर 12~33 मिनट से लेकर अगले दिन 03~12 मिनट तक रहेगा.

### 4. दिसंबर 09 (शुक्रवार)

दिनांक 09 दिसंबर 2022 को शुक्ल योग बन रहा है, इस योग का शुभ मुहूर्त दोपहर 03~44 मिनट से लेकर अगले दिन दोपहर 02~59 मिनट तक रहेगा.

# गुजरात में सत्ता बचाने की जद्दोजहद

आज देश में घरों और गली-चौराहों पर दो ही बातों की चर्चा सुनाई देती है। पहला, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' और दूसरा गुजरात और हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव का परिणाम क्या आएगा। राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' तो दूरगामी परिणाम के लिए अपेक्षित है, इसलिए इस पर चर्चा बाद में करूंगा, लेकिन गुजरात विधानसभा का चुनाव तो इसी वर्ष एक और पांच दिसंबर को होने वाला है, जिसका परिणाम 8 दिसंबर को हिमाचल प्रदेश के साथ ही घोषित होगा। दोनों राज्य भाजपा शासित है, लेकिन इनकी सत्ता को बरकरार रखना भाजपा के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न बना हुआ है। गुजरात में 182 विधानसभा सीट हैं और इस प्रदेश में 27 वर्ष से भाजपा की सरकार सत्तासीन है। इतिहास गवाह है कि हिमाचल प्रदेश में तो हर पांच साल बाद सरकार बदल जाती है, इसलिए वहां वर्तमान विपक्ष कांग्रेस आशाओं से ओतप्रोत है। गुजरात में भी कांग्रेस इसलिए आशान्वित है, क्योंकि भाजपा की वर्षों पुरानी सरकार होने के कारण सरकार विरोधी लहर तेज हैं। इसलिए दोनों राज्यों में कांग्रेस और भाजपा पूरी ताकत झोंक रही है और सीना ठोंककर दावा भी कर रही है कि सरकार तो इन्हीं की बनेगी। जनता का निर्णय अगले माह आएगा, लेकिन इस बीच दोनों दलों के राजनीतिज्ञ अपना-अपना खम ठोककर अपने-अपने दावे तरह-तरह के गुणा-भाग से लोगों में पेश कर सत्ता पर अपनी बड़त होने का प्रमाण पेश कर रहे हैं। आम लोगों का मत तो यही है कि इस प्रदेश में मुकाबला तो भाजपा और कांग्रेस के ही बीच है। यहां आम आदमी पार्टी केवल कांग्रेस का वोट काटने के लिए मैदान में है इसका सरकार बनाने से कोई लेना देना नहीं ।राहुल गांधी हिमाचल प्रदेश में अपनी भारत जोड़ो यात्रा




छोड़कर प्रचार करने नहीं गए। इसी प्रकार गुजरात में भी राहुल गांधी की एक भी रैली या कार्यक्रम अब तक आयोजित नहीं हुए हैं। इसका मलाल भाजपा नेताओं को गंभीर रूप से है। इसके लिए राहुल गांधी तथा कांग्रेस पर तरह-तरह के आरोप-प्रत्यारोप के माध्यम से यह संदेश देने की भरपूर कोशिश हो रही हैं कि कांग्रेस अपने शीर्ष नेतृत्व को हार के डर से राज्यों में प्रचार के लिए नहीं भेज रही है। इसलिए अब कांग्रेस नेतृत्व ने यह निर्णय लिया है कि राहुल गांधी 22 नवंबर को गुजरात में अपनी पार्टी के लिए प्रचार करने जाएंगे। राहुल गांधी की इस गुजरात यात्रा के लाभ-हानि का पता तो चुनाव के बाद ही चलेगा, लेकिन विपक्षियों के पेट में मरोड़ शुरू हो गया है और इसलिए उनके द्वारा तरह तरह के तंज कसने शुरू हो गए हैं। जबकि, प्रधानमंत्री और गृहमंत्री का गृह राज्य होने के कारण दोनो शीर्ष भाजपा नेतृत्व के कई दौरे तथा रैलियां अब तक हो चुकी हैं। प्रधानमंत्री ने तो उपहारों का पिटारा ही गुजरात के लिए खोल दिया है। वैसे, कांग्रेस का आरोप तो यह है कि भाजपा दोनों राज्य हार रही है, इसलिए जनता को प्रलोभन देकर अपनी तरफ मोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। कांग्रेस के नए अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का कहना है कि गुजरात की जनता उपहार स्वरूप हमें इस बार सरकार बनाने का अवसर दे रही है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और सरदार वल्लभ भाई पटेल के राज्य गुजरात का भाजपा ने जिस तरह से दोहन किया है, उसका सच तो इसी चुनाव में देखने को मिलेगा। जिस तरह से मोरबी पुल हादसा हुआ और गुजरात मॉडल का पोल खुलकर सामने आया, उससे गुजरात के साथ पूरा देश हैरान है। इतनी बड़ी दुर्घटना को जिस हल्के ढंग से लिया गया, उसने पूरे 27 वर्ष के भाजपा शासन के ऊपर कालिख ही पोत दी। अब कोई लीपापोती कितना ही कर ले, उन मृतकों को वापस नहीं लाया जा सकता, उन अबोध शिशुओं को फिर से जीवित नहीं किया जा सकता। लोग यही उदाहरण देते हैं कि प्रधानमंत्री किस तरह से चुनाव के दौरान पश्चिम बंगाल में पुल हादसे पर सीना कूट-कूट कर ममता बनर्जी सरकार पर आरोप लगा रहे थे, लेकिन जब उनके ही गृहराज्य में उनकी सरकार के कार्यकाल में ही मोरबी में इतना बड़ा हादसा हुआ, तो प्रधानमंत्री ने आरोपियों को अब तक जेल क्यों नहीं भिजवाया! दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह रही कि मोरबी अस्पताल को जिस प्रकार प्रधानमंत्री के दौरे के कारण रातोंरात बदलकर चाक-चौबंद और रंगरोगन कर चमकाया गया, वह विपक्षियों के लिए मखौल का ही विषय बना हुआ है। घोषणा पत्र के लिए मधुसूदन मिस्त्री ने कहा कि इसे बनाने के लिए छह लाख लोगों से बात की गई हैं और उनकी ज्वलंत समस्याओं को समझकर ही इसे बनाया गया है। घोषणा पत्र में जो सबसे महत्वपूर्ण बात कही गई है, वह यह कि अहमदाबाद स्थित नरेन्द्र मोदी स्टेडियम का नाम बदलकर फिर से सरदार पटेल के नाम पर कर दिया जाएगा, क्योंकि पाटीदार समाज इससे आहत है और वह चाहते हैं कि स्टेडियम सरदार पटेल के ही नाम पर ही रहे।

# फिल्मफेयर अवार्ड मिलने पर शहनाज हुई इमोशनल



एक्ट्रेस शहनाज गिल अक्सर कुछ ना वजह से सुर्खियां बटोरती रहती हैं. बिग बॉस से पॉपुलैरिटी पाने वाली एक्ट्रेस को शनिवार रात फिल्मफेयर मिडिल ईस्ट अचीवर्स नाइट के दौरान एक अवार्ड मिला, जिसका श्रेय शहनाज ने अपने स्वर्गीय दोस्त और कथित बॉयफ्रेंड सिद्धार्थ शुक्ला को दिया. बता दें कि, सिद्धार्थ की मृत्यु सितंबर 2021 में हुई थी, जिसने उनके फैंस और परिवार के सदस्यों को झकझोर कर रख दिया था. उनके अपनों के लिए एक दिन भी उन्हें याद किए बिना नहीं जाता. दरअसल, शनिवार रात को दुबई में हो रहे फिल्मफेयर मिडिल ईस्ट अचीवर्स नाइट में एक्ट्रेस शहनाज को एक अवार्ड मिला और उन्होंने एक स्पीच भी दी, जिसमें उन्होंने दिवंगत अभिनेता सिद्धार्थ शुक्ला को श्रद्धांजलि दी. एक्ट्रेस ने अपनी स्पीच में कहा ÷मैं एक बंदे को थैंक यू बोलना चाहती हूंथैंक यू मेरी लाइफ में आने के लिए और मेरे पास इतना इन्वेस्ट किया कि आज मैं यहां तक पहुंची हूंयह आपके लिए है सिद्धार्थ शुक्ला मेरी जिंदगी. मैं आज जो कुछ भी हूं आपकी वजह से हूं..यह आपके लिए है सिद्धार्थ शुक्ला. आपको बता दें कि, शहनाज की इस स्पीच नें सिडनाज के फैन्स को बेहद इमोशनल कर दिया और एक सोशल मीडिया यूजर ने लिखा, शहनाज सिड के बिना अधूरी है÷ एक अन्य ने लिखा ÷सिडनाज़ रॉक्स. मिस यू सिड, इसके अलावा, सिद्धार्थ और शहनाज बिग बॉस 13 के घर में एक साथ थे जहां से उनकी दोस्ती की शुरुआत हुई. दोनों के बीच धीरे-धीरे करीबियां बढती गई और उन्हें उनके फैंस सिडनाज़ कहकर पुकारने लगे. हालांकि उन्होंने कभी भी ऑफिशियली एक कपल होने की बात स्वीकार नहीं की. बिग बॉस 13 के विनर सिद्धार्थ का कार्डियक अरेस्ट की वजह से 40 वर्ष साल की उर्म में , 2 सितंबर, 2021 को निधन हो गया था. इसके बाद शहनाज कई समय तक शोक में रही और बाद में जाकर शहनाज ने तू यहीं है टाइटल सॉन्ग के साथ अपने दोस्त को श्रद्धांजलि दी.

# लगातार मिल रही नेगेटिविटी और ट्रोलिंग से परेशान हुई रश्मिका

साउथ की सुपरस्टार रश्मिका मंदाना ने पुष्पा द राइज फिल्म से अपनी अलग ही पहचान इंडस्ट्री में बना ली है। रश्मिका की फैन फॉलोइंग लगातार बढ़ती ही जा रही है। कुछ समय पहले ही रश्मिका की फिल्म गुडबाय रिलीज हुई थी। रश्मिका के जितने चाहने वाले हैं उतने ही ट्रोल करने वाले खुलकर सामने आते हैं। सोशल मीडिया पर आजकल रश्मिका को काफी नफरत मिल रही है। ट्रोलर्स उन्हें लगातार ट्रोल कर रहे हैं। रश्मिका अपने लिए



इंटरनेट पर इतनी नफरत देखकर थोड़ी अपसेट हो गई हैं। रश्मिका ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर ट्रोलर्स को जवाब दिया है। रश्मिका मंदाना ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर की है जिसमें लिखा है कि पिछले कुछ दिनों से कई चीजें मुझे परेशान कर रही हैं। मैं कुछ दिनों से काफी परेशान हूं। मुझे लगता है कि अब इस पर खुलकर बात कर ही लेनी चाहिए। मैंने जब से अपना करियर शुरू किया है, काफी नफरत मिल रही है। ट्रोलर्स और नेगेटिविटी मेरे लिए एक पंचिंग बैग की तरह ही है। मैं अच्छी तरह जानती हूं कि मैंने जो लाइफ चुनी है, वे एक कीमत के साथ आती है। मैं यह भी जानती हूं कि मैं हर किसी को पसंद नहीं आ सकती। हर कोई मुझे प्यार भी नहीं दे सकता। इसका मतलब यह नहीं है कि अगर आप मुझे पसंद नहीं कर रहे हैं तो मेरे बारे में आपको नेगेटिविटी फैलाने का अधिकार है। इसके आगे रश्मिका मंदाना ने अपनी पोस्ट में लिखा कि केवल मैं ही जानती हूं जिस तरह का मैं काम करती हूं। सभी को खुश करने के लिए दिन-रात मेहनत करती हूं। काम करने के बाद जो खुशी और सुकून मिलता है मुझे, मैं सिर्फ उसके बारे में सोचती हूं। मैं कोशिश कर रही हूं कि जो भी मैं काम करूं उससे आपको और खुद को गर्व महसूस करा सकूं। मेरे लिए यह देखना दिल टूटने जैसा है। जब मैं खुद के लिए वो बातें सुनती हूं, पढ़ती हूं, जो मैंने कही ही नहीं है। मैंने देखा है कि जो चीजें मैंने इंटरव्यू में कही है उनका गलत मतलब निकाला जाता है।

# चारु असोपा ने ननद सुष्मिता सेन के जन्मदिन पर कही बातें

चारु असोपा पति राजीव सेन से अलग होने के बाद अपनी जिंदगी नए सिरे से शुरू करने की कोशिश कर रही हैं. लेकिन इसके बावजूद उन्होंने अपनी ननद सुष्मिता सेन के जन्मदिन पर उन्हें स्पेशल फील कराया. एक्ट्रेस अपने ससुराल वालों से गहरा रिश्ता साझा करती हैं. सुष्मिता के 47 वें जन्मदिन पर चारु ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक दिल छू लेने वाला नोट शेयर किया, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. सुष्मिता सेन और बेटी जियाना के साथ चारु ने अपनी खूबसूरत तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, सबसे अद्भुत



व्यक्ति को जन्मदिन की बधाई, जिसे मैं जानती हूं. उस महिला को जन्मदिन की बधाई जिसने मुझे कड़ी मेहनत, ईमानदारी और उदारता सिखाई. उसके लिए धन्यवाद.अपने नोट को खत्म करते हुए उन्होंने लिखा, आप असल में बेस्ट हैं. लव यू दीदी. आपको बता दें कि पति राजीव के साथ अपनी लड़ाई के दौरान भी चारु ने हमेशा सुष्मिता की तारीफ की है. वहीं हाल ही में अपने एक वीडियो में उन्होंने शेयर किया था कि सुष्मिता और उनकी बेटी ने जियाना के बर्थडे का पूरा इंतजाम किया था. इस मौके को सेलिब्रेट करने के लिए पूरा परिवार एक साथ आया था. इसके साथ ही चारु और राजीव भी मनमुटाव को भुलाकर बेटी के जन्मदिन को सैलिब्रेट करने एक साथ आए. बता दें कि काफी पहले मीडिया संस्थाने के साथ बातचीत करते हुए चारु ने सुष्मिता के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात की थी, उन्होंने कहा था, मैं अपनी सास के साथ एक अद्भुत बंधन साझा करती हूं. वो मुझे एक्सरसाइज करने के लिए प्रेरित करती रहती हैं. मेरे जीवन में तीन अद्भुत महिलाएं हैं, मेरी मां, मेरी सास और ननद. मैं उनसे हमेशा सीखती हूं. मैंने सुष्मिता दीदी से बहुत कुछ सीखा है, खासकर अकेले रहने के बावजूद उन्होंने अपनी दोनों बेटियों की परवरिश कितनी अच्छी तरह की है. वो मुझे विश्वास दिलाती हैं कि एक महिला कुछ भी कर सकती है जीवन में कुछ भी.



# बॉयफ्रेंड आदर जैन ने तारा सुतारिया को चेरी कहकर कही बात

बॉलीवुड एक्ट्रेस तारा सुतारिया के लिए आज बेहद ही खास दिन है. एक्ट्रेस आज अपना 27वां जन्मदिन मना रही हैं. हर कोई तारा को जन्मदिन की बधाई देते हुए नजर आ रहा है, जिसमें उनके स्पेशल वन बॉयफ्रेंड आदर जैन का नाम भी शामिल है. आदर ने तारा की अपने साथ एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा, हैप्पी बर्थडे माय चेरी. दोनों इस तस्वीर में काफी ज्यादा खूबसूरत लग रहे हैं. तारा और आदर को एक साथ देखकर हर कोई इनकी तारीफ करने के लिए मजबूर हो गया है, वहीं फैंस पोस्ट पर कमेंट्स करके अदाकारा को जन्मदिन की बधाई दे रहे हैं. जानकारी के लिए बता दें कि तस्वीर उनके पेरिस वेकेशन की है. आपको बता दें कि एक्ट्रेस ने आदर के पोस्ट पर जवाब देते हुए लिखा, थैंक यू माय स्वीटहार्ट...आई लव यू. तारा सुतारिया और आदर जैन कॉमन फ्रेंड्स के जरिए पहली बार 2019 की दिवाली पार्टी के दौरान एक-दूसरे से मिले थे. दोस्त बनने के बाद वे एक-दूसरे के करीब आए और आखिरकार डेटिंग शुरू कर दी. दिलचस्प बात यह है कि तारा अक्सर कपूर परिवार में होने वाले हर फंक्शन में स्पॉट की जाती हैं. फैंस भी इनकी बॉन्डिंग को काफी पसंद कर रहे हैं. बता दें कि तारा पहले रोहन मेहरा के साथ रिश्ते में थी. कथित तौर पर बॉलीवुड में आने से पहले तारा का नाम ईशान खट्टर के साथ भी जुड़ा था. वर्क फ्रंट के बारे में बात करें तो, तारा सुतारिया थ्रिलर फिल्म अपूर्वा में एक्टर धैर्य करवा के साथ नजर आएंगी.

# टीना दत्ता पर भड़के फैंस

बिग बॉस 16 में शालिन-स्टेन की लड़ाई के बाद सोशल मीडिया पर कंमेट्स की बौछार आ गई है. दर्शक टीना से काफी नाराज दिख रहे हैं, सोशल मीडिया पर लगातार टीना के खिलाफ कमेंट किए जा रहे हैं. साजिद खान के कैप्टंसी टास्क के बाद, टीना दत्ता ने साजिद खान को अपनी कप्तानी बरकरार रखने में मदद की. इसी बीच टीना के पैर में चोट लग गई. जिसके चलते शालीन और स्ट्र स्टेन टीना की मदद करने पहुंचे और तभी शालीन और स्टेन के बीच भयंकर लड़ाई हो गई. स्टेन ने शालीन को गंदी गंदी गालियां देना शुरू कर दिया. इसके बाद इस लड़ाई ने हाथा पाई का रूप ले लिया. जिसके बाद पूरा घर इस लड़ाई में बीच बचाव करना आ गया. शालीन के स्पोर्ट में सुम्बुल भी आ गई. जिसके बाद टीना और सुम्बुल के बीच में भयानक लड़ाई हो गई. जब बिग बॉस ने टीना, शालिन और एमसी स्टेन को कन्फेशन रूम में बुलाया, तो टीना को किसी पर आरोप लगाने या शालिन के लिए स्टैंड लेने से नफरत थी. जिसके बाद नेटिजन्स ने टीना दत्ता के खिलाफ बयानबाजी शुरू कर दी. नेटिजन्स ने कहा, कई लोगों ने उनके दोहरे मानकों के लिए उनकी आलोचना की. ÷मैं वास्तव में इस बात से हैरान हूं कि टीना दत्ता ने उन लोगों को छोड़कर जो उसके साथ खड़े रहे छोड़कर ऐसे लोगों का समर्थन किया, जो उसके खिलाफ रहे और वह वास्तव में एक बीबी कंटेट है. एकदम सही वैम्प. वहीं एक यूजर ने लिखा, स्वीट वॉयस विद अगली हार्ट. वहीं अन्य ने लिखा, हॉओ डेयर. वो कौन होती है सुम्बुल से पूछने वाली जो शालीन खुद शालीन को धोखा दे रही है. कम से कम सुम्बुल शालीन के साथ खड़ी तो रही , टीना को बस मंडली गैंग खुश करना है. एक यूजर ने लिखा, टीना दत्ता इस सीजन की सबसे खराब कंटेस्टेंट हैं जिस मिनट कुछ होता है वह सशालीन भनोट के बारे में बिचिंग करती है और उसी सांस में उसे बताती है कि वह हमेशा उसके साथ खड़ी रही है. वह इतनी दुष्ट है कि उसकी वजह से बेहतर दिखता है.बिगबॉस कृपया निष्पक्ष रहें. तीसरे पक्ष को अधिकार देना अवैध है, आप इस सीजन में गलत खेल रहे हैं, बहुत गलत. बिगबॉस कृपया निष्पक्ष रहें. तीसरे पक्ष को अधिकार देना अवैध है, आप इस सीजन में गलत खेल रहे हैं, बहुत गलत.वहीं शो में वीकेंड के वार के दौरान सलमान खान सुम्बुल से सवाल जवाब देते दिखाई दिए.



# विधायक,सांसदों को पेंशन कर्मचारियों, अधिकारियों को क्यों नहीं पेंशन-जनक सिंह रावत

## एक देश एक एक विधान फिर क्यों भेदभाव पेंशन नहीं तो वोट नहीं

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी -पुरानी पेंशन बहाली संघ न्यू मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन संघ की बैठक सावरकर पार्क शिवपुरी में आयोजित की गई संगठन के बालूराम रावत,राजेश सोनी द्वारा बताया गया कि आज की बैठक में संगठन के राष्ट्रीय संयोजक जनक सिंह रावत ने संबोधित करते हुए बताया गया कि नई पेंशन योजना एनपीएस को जारी रखना किसी भी तरह से कर्मचारियों और करदाताओं के लिए न्याय संगत नही है, जब देश में एक संविधान एक राष्ट्र की परिकल्पना को सरकार द्वारा साकार किया जा रहा है फिर कर्मचारियों के साथ क्यों भेदभाव हो रहा है एक ड़र हमारे विधायकों, सांसदों को एक बार निर्वाचित होने पर पेंशन की पात्रता है और जीवन भर पेंशन सहित अन्य योजनाओं का लाभ लेते हैं और परिवार पेंशन का भी प्रावधान है द्य दूसरी तरफ कर्मचारी 30 से 35 साल सरकारी सेवा करने के बाद भी पेंशन का हकदार नहीं यह न्याय संगत नहीं है जब कर्मचारियों अधिकारियों को पेंशन की पात्रता नहीं है फिर हमारे विधायक सांसदों को पेंशन का लाभ क्यों दिया जा रहा है यह देश की जनता के लिए सोचनीय प्रश्न है हमारे विधायक, सांसद जो पेंशन प्राप्त करते हैं वह देश के टैक्स पेयर और जनता की मेहनत के द्वारा सरकार को दी गई टैक्स की राशि से सुख सुविधा भोग रहे हैं विधायक, सांसदों की पेंशन भी बंद करना चाहिए संघ के बालू राम ने कहा कर्मचारियों,अधिकारियों के लिए आर्थिक भार बता पुरानी पेंशन योजना को बंद किया गया, वहीं 2004 से लागू की गई नई पेंशन योजना एनपीएस में भी लगातार सरकार के ऊपर आर्थिक भार बढ़ता जा रहा है। जैसे-जैसे कर्मचारियों की संख्या और वेतन में बढ़ोतरी हो रही





है, वैसे ही एनपीएस में सरकार द्वारा निवेशित रकम बढ़ती जा रही है वर्तमान में 5 लाख करोड़ से ज्यादा है और जिसका किसी भी तरह का लाभ कर्मचारियों और सरकार को ना हो बल्कि बड़े पूंजीपतियों को होता हुआ नजर आ रहा। जिसको लेकर आज देश के सभी राज्यों में पुरानी पेंशन का मुद्दा और आंदोलन लगातार जोर पकड़ता जा रहा है, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष बसंती शर्मा द्वारा बताया कि देश के राजस्थान,छत्तीसगढ़,झारखंड एवं पंजाब सरकार द्वारा पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू की गई है अन्य राज्यों में भी पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू की जाना चाहिए संघ के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र ने कहा कि कर्मचारियों के वेतन का 10 प्रतिशत और आम जनता की गाढ़ी कमाई का 14 प्रतिशत अंशदान जो सरकारी खजाने से कर्मचारियों की पेंशन के नाम पर बाजार आधारित योजना एनपीएस में निवेश किया जा रहा है। एनएसडीएल इस 24 प्रतिशत रकम को एसबीआई, यूटीआई और एलआईसी के माध्यम से म्यूच्यूअल फण्ड, शेयर मार्केट और अन्य तरह के बाजार आधारित बांड में निवेशित करता है जिसका पूरा लाभ कर्मचारियों की बजाय बड़े पंजीपतियों को हो रहा है। पीएफआरडीए एक्ट के तहत नई पेंशन योजना को लागू किया गया जिसमें निवेशित रकम की किसी भी तरह की वापसी की गारंटी और कर्मचारियों के लिए निश्चित पेंशन का प्रावधान नही किया गया। एनपीएस किसी भी तरह से पेंशन योजना, ना होकर कर्मचारियों पर जबर्दस्ती लागू किया गया इन्वेस्टमेंट प्लान है। और इसको हड़प नीति कहे तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों को ना मात्र 1000से 2000ड़ पेंशन मिल रही है। वही अगर दूसरा पहलू देखें तो 2004 में जहाँ कर्मचारियों पर नई पेंशन योजना लागू की गई लेकिन आज तक विधायकों और सांसदों पर इसे लागू नही किया गया। जहां कर्मचारी सेवानिवृत्त होने के बाद में पेंशन का हकदार होता है वही विधायकों और सांसदो को एक दिन की सदस्यता के बाद भी पेंशन का हकदार बना दिया गया। दूसरा अगर कोई व्यक्ति 25 साल की उम्र में भी विधायक या सांसद बन जाता है और कुछ समय बाद इस्तीफा भी दे तो उसी समय से उनके लिए पेंशन का प्रावधान किया गया है। यह कर्मचारियों और टैक्सपेयर के पैसे का दुरुपयोग है पुरानी पेंशन बहाल की जाए एवं राष्ट्रहित में विधायकों सांसदों को मिल रही पेंशन को बंद किया जाए सभी वक्ताओं ने एक स्वर में कहा हमारी भी सुनो सरकार कर्मचारी अधिकारियों को पेंशन नहीं फिर विधायक सांसदों को पेंशन क्यों बैठक में उपस्थित कर्मचारियों द्वारा संकल्प लिया गया पेंशन नहीं तो वोट नहीं मुहिम को घर-घर तक ले जाएंगे की बैठक में हेमंत यादव बालूराम रावत राजेश सोनी जनक सिंह रावत वीरेंद्र सिंह रावत सहित सैकड़ों कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दो सगी बहनों का मप्र पुलिस में हुआ चयन- बेटी बोली माता पिता सपना हुआ पूरा

अरुण कुशवाह कोलारस
रिपोटर पुष्पांजलि टुडे

कोलारस-नगर में रहने वाली दो



सगी बहनों का चयन मध्य प्रदेश पुलिस में हुआ है। उनके चयन से जहां नगर और समाज में खुशी है। वहीं बेटियों की उपलब्धि पर परिवार भी गौरवान्वित है। नगर के कोली मोहल्ले में रहने वाले रामचरण कोली कि दो बेटियो मोनिका (24) व सोनम (22) जिनका चयन मप्र पुलिस में हुआ है। उनके पिता नगर में छोटी सी दुकान करते है उसी व्यवसाय से उनहोने बच्चों को पड़ाया है। और इसी दौरान बड़ी बेटी मोनिका कि 4 वर्ष पहले शिवपुरी में शादी कर चुके है। अपने सपने को पूरा करने के लिए अपनी ससुराल में मोनिका ने अपनी बहन सोनम के साथ मिलकर मप्र पुलिस कि तैयारी की पुलिस की भर्ती में शामिल हुई थीं। रिजल्ट घोषित होते ही दोनो बहनो का चयन मप्र पुलिस में हो गया। मोनिका और सोनम दोनो का सपना पुलिस में जाने का था जिसे उन्होंने अपने रिवार के लिए साकार किया। अब आगे दोनो बहने कुछ मेडिकल और पुलिस बैरिफीकेशन करने के बाद वह ट्रेनिंग में शामिल होंगी। दोनो बहनो के पुलिस में चयन होने के बाद परिजनो ने बेटियों की सफलता पर खुशी जताई है।

# विश्व बाल अधिकार दिवस पर बच्चों ने लगाई दौड़, कोतवाली पहुंच जानी पुलिसिंग कार्यवाही

## पुलिस बच्चों की मित्र होती है, जरूरत पड़े तो 100 नंबर पर बताएं: पुलिस अधीक्षक

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- जीवन में आगे बड़ना है तो नशा और गलत कामों से हमेशा दूर रहो। मन लगाकर पड़ाई करो। माता- पिता का सम्मान करो। देश और समाज के प्रति प्रेम रखो। गलत कामों से हमेशा दूर रहो तथा गलत रास्तों पर जाने से अपने साथियों को भी रोकें। गलत काम में किसी का भी कोई सहयोग न करें। आपको कोई परेशान करें तो 100 नंबर पर फोन लगाकर पुलिस को अपनी बात बताओ। पुलिस बच्चों की मित्र होती है, पुलिस को बिना संकोच अपनी बात बता सकते हो।

यह सुझाव पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल ने बच्चों को दिया। विश्व बाल अधिकार संरक्षण दिवस पर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौड़ में स्कूली बच्चों के अलावा स्पेशल पुलिस कैडेट्स एसपीसी से जुड़े बच्चे शामिल हुए। यह बच्चे तात्याटोपे स्मारक से कलेक्ट्रेट रोड होते हुए विशेष किशोर पुलिस इकाई (बाल मित्र थाना) पहुंचे। जहां पुलिस अधीक्षक ने इन बच्चों के साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा




कर उन्हें अच्छा नागरिक बनने की प्रेरणा दी। उसके पश्चात बच्चों ने कोतवाली जाकर पुलिस की कार्यप्रणाली को समझा। इस दौरान बाल संरक्षण अधिकारी राघवेंद्र शर्मा, एसजेपीयू प्रभारी सूबेदार गायत्री इटोरिया, ममता संस्था की जिला समन्वयक कल्पना रायजादा, चाइल्ड लाइन सिटी समन्वयक सौरभ भार्गव, चाइल्ड लाइन सेंटर समन्वयक अरुण कुमार सेन, शा.हाई स्कूल फिजिकल कॉलोनी की शिक्षिका ललिता राजपूत, शा.विद्यालय आदर्श नगर की शिक्षिका संधिया शर्मा, चाइल्ड लाइन काउंसलर अबसार बानो, टीम मेम्बर संगीता चह्वाण, मुस्कान शर्मा, मनीषा धाकड़, सुल्तान सिंह एवं विशेष किशोर पुलिस इकाई के अन्य सदस्य मौजूद रहे।



# विकलांग और अनाथ बच्चों के लिए शुरू हुई फ्री जिम सुविधा

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी। जिले के सिधेश्वर मेला ग्राउंड में पास ऋ जिम का शुभारंभ किया गया जिसमे जिम के संचालन राजा खान ने जानकारी देते हुए बताया कि जिम में सारी सुविधाएं उपलब्ध हैं जैसे कि पर्सनल ट्रेनिंग, मॉर्डन मशीने, जुम्ला क्लासेस, फैमिली पैकेज, पॉवर लिफ्टिंग, फ्रांसकित कारडियो ट्रेनिंग, फिटनेस प्रशाम, बोड़ी बिल्डिंग, फैट लॉस, चैजिंग रूम आदि। और उन्होंने आगे बताया कि विकलांगों और अनाथ बच्चों जो अपनी फिटनेस को बरकरार रखना चाहते हैं उनके लिए जिम में फ्री ट्रैनिंग रहेगी।

# आर्यन हत्याकांड के मुख्य आरोपी के स्कूल पर चला बुलडोजर

## बुलडोजर चलने को लेकर सोशल मीडिया पर चल रही थी खबरें

उमाकान्त शर्मा पुष्पांजली टुडे

भिण्ड। शहर के अटेर रोड के श्रीराम नगर में फिरौती के लिए 11 साल के मासूम की हत्या करने वाले स्कूल संचालक पवन शर्मा के दो मंजिल बने अवैध आरकेडी स्कूल पर प्रशासन का बुलडोजर चल गया है। इसके लिए नगरपालिका के अतिक्रमण विरोधी अमला ने मौके पर पहुंच कर साथ ही भारी पुलिस बल और एसडीएम के नेतृत्व में नगरपालिका का अतिक्रमण विरोधी अमला बुलडोज़र के साथ मौजूद रहा। बता दें कि स्कूल संचालक पवन शर्मा ने फिरौती के इरादे से आर्यन को किडनैप कर लिया था और फंसने के




डर से गला रेतकर उसकी हत्या कर दी थी। पुलिस ने इस हत्याकांड में 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

**ऐसे हुआ था हत्या का खुलासा-** पुलिस ने इस हत्या का खुलासा करते हुए बताया था कि आर्यन की लाश मिलने के बाद जब स्कूल का तलाशी ली गई तो स्कूल की छत पर खून के दाग मिले थे। इसी वजह से स्कूल संचालक पर शक गहराया था। ये शक इसलिए भी बढ़ गया था क्योंकि संचालक आर्यन के घर से नजदीक ही रहता था। जब पुलिस ने सख्ती से स्कूल संचालक से पूछा तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

# परमार्थ समाज सेवी संस्था द्वारा निकाली गई 15 किलोमीटर नदी पुनर्जीवन यात्रा

पुष्पांजलि टुडे की रिपोर्ट
जिला टीकमगढ़ संवाददाता सुनील कुमार अहिरवार

टीकमगढ़। परमार्थ समाज सेवी संस्था द्वारा संस्था प्रमुख डॉक्टर संजय सिंह के निर्देशन में रविवार को वारगी नदी पुनर्जीवन पद यात्रा निकाली गई। पदयात्रा में महिलाओं ने भी हाथों में तख्तियां लेकर जल संरक्षण को लेकर अपील की। पदयात्रा लगभग आधा दर्जन गांवो से होते हुए राजेंद्र नगर गांव के भैसासुर मंदिर के पास समापन किया गया पदयात्रा समापन के बाद संस्था के प्रमुख संजय सिंह ने सभा के माध्यम से लोगों को संबोधित किया और जल संरक्षण का महत्व बताया। नदी पुनर्जीवन पदयात्रा पूनोल से शुरू होकर सेवाखेरा रतनगुवां भाटा बछौड़ा खिरक से होते हुए 12 किलोमीटर की यात्रा की गई यात्रा में जगह-जगह रोककर लोगों को जल संरक्षण का महत्व समझाया गया। संस्था प्रमुख संजय सिंह ने बताया की आदिकाल से सभ्यता के विकास में नदियों का बड़ा योगदान रहा है नदिया ही हमारी प्रकृति को संतुलन बना कर रखे हुए हैं। उन्हें जीवित बनाए रखना हम सभी का कर्तव्य है। पदयात्रा कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य मनोज रज्जे जैन ,मंडल अध्यक्ष मानसिंह दांगी कुम्हेड़ी सरपंच आलोक खरे राजनगर विंदारी सरपंच कृष्ण मुकेश अहिरवार संस्थान के जिला संयोजक रोहित नापित रमाकांत राणा छतरपुर जिले के परमार्थ समाज सेवी संस्थान के जिला संयोजक धनीराम रैकवार,मोहनगढ़ से सामाजिक कार्यकर्ता विवेक अहिरवार , पानी पंचायत समिति के सदस्य अनिल अहिरवार सोभाराम दांगी अजीत यादव विंदारी छोटे लाल अहिरवार धनीराम अहिरवार जल सहेली श्रीमती गुड्डी अहिरवार, हीराबाई अमनी, भारती बंशकार, सुषमा यादव,रानी अहिरवार के साथ मोहनगढ़ छेत्र के महिला पुरुष मौजूद रहे।




# बसपा से निष्कासित पूर्व विधानसभा प्रत्याशी ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ दिया त्यागपत्र



**गोहद।** बसपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी यशवंत पटवारी को पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था। इसी के चलते पूर्व में यशवंत पटवारी के द्वारा प्रेसवार्ता कर समाचार पत्रों के माध्यम से पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से पूछा गया कि मेरे द्वारा कौन सी पार्टी विरोधी गतिविधियां की गई हैं मुझे बताया जाए तथा पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन मायावती, राम जी गौतम एवं उनके दोनों प्रभारियों को पत्र लिखकर बहन मायावती से मिलने की अनुमति मांगी गई थी जिस पर कोई विचार नहीं किया गया। उन्होंने प्रेस वार्ता के माध्यम से बताया कि पूर्व में मेरे द्वारा बहन मायावती को जो पत्र लिखा गया था जिसमें प्रदेश अध्यक्ष रमाकांत पिप्पल को प्रदेश अध्यक्ष पद से हटाकर प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी पिछड़ा वर्ग के जिम्मेदार व्यक्ति को देने के लिए राय दी गई थी जिस पर मुझे पार्टी विरोधी गतिविधियां बताकर पार्टी से निष्कासित कर दिया गया। पटवारी ने बताया कि पार्टी को मजबूत करने के लिए कोई राय मशवरा देना ही पार्टी विरोधी गतिविधियां है तो मैं पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन मायावती से मिलकर मैं अपनी बात रखूंगा जिसके लिए मेरे द्वारा पत्र भी लिखा गया परंतु आज 1 माह बीत जाने के बाद तक मुझे मिलने का मौका नहीं दिया गया इसलिए मैं अपने समर्थकों व कार्यकर्ताओं के साथ आज पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहा हूं उन्होंने कहा कि जब मैं नई पार्टी ज्वाइन करूंगा तब मैं सार्वजनिक रूप से इसकी घोषणा करूंगा यशवंत पटवारी के साथ त्यागपत्र देने वालों में मदन सिंह जाटव, मान सिंह राठौर, शिवनारायण बघेल, नसीर मोहम्मद कुरेशी, लियाकत अली, नीरज सिंह जाटव, चंदन सिंह, सुनील सिंह नरवरिया, सुदामा कुशवाह, राज सिंह कुशवाह सहित लगभग एक सैकड़ा कार्यकर्ता व समर्थक हैं।

# न्यायलय गोहद द्वारा फरार आरोपी को हाजिर ना होने पर वैधानिक कार्यवाही का उदघोषणा पत्र जारी किया गया



भिण्ड। मौ, थाना मौ के अपराध क्रमांक 155 /21 धारा 386,506 भारतीय दंड संहिता में फरार आरोपी मुकेश शर्मा पुत्र सत्यनारायण शर्मा निवासी सिनोर जो कि काफी समय से फरार चल रहा है इसलिए न्यायालय गोहद द्वारा मुकेश शर्मा पुत्र सत्यनारायण शर्मा निवासी सिनोर के विरुद्ध धारा 82 सीआरपीसी के तहत 12,12,2022 तक या इससे पूर्व न्यायालय में हाजिर होने का (आदेश)उदघोषणा पत्र जारी किया गया यदि आरोपी हाजिर नहीं होता है तो उसके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर छत्रसाल महाविद्यालय में जिला स्तरीय आयोजन संपन्न





**पुष्पांजलि टुडे से जिला ब्यूरो चीफ हरिचरण प्रजापति**

पन्ना, मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर जिला स्तरीय आयोजन प्राचार्य डॉ एच. एस. शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अभिनव आयोजन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति से संबंधित चार प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ उमा त्रिपाठी एवं आयोजन संयोजक डॉ विनय श्रीवास्तव थे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति से संबंधित प्रश्न मंच प्रतियोगिता के जिला स्तरीय आयोजन में प्रथम स्थान छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की टीम को प्राप्त हुआ। इस टीम में कुमारी मधु कुशवाहा, कुमारी जागृति सक्सेना एवं राजेश सिंह राजपूत ने भाग लिया। द्वितीय स्थान शासकीय महाविद्यालय देवेंद्र नगर की टीम को प्राप्त हुआ। राष्ट्रीय शिक्षा नीति



की गुणवत्ता पर आधारित जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता ने छत्रसाल महाविद्यालय के श्री हरिओम सक्सेना को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। द्वितीय स्थान पर शासकीय महाविद्यालय पवई को प्राप्त हुआ। निबंध प्रतियोगिता में शासकीय छत्रसाल महाविद्यालय की छात्रा कुमारी प्रभा अहिरवार को प्राप्त हुआ। पोस्टर प्रतियोगिता में कुमारी दिव्या पांडे छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्रथम स्थान पर रही।

प्रश्न मंच, निबंध भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिताओं का निर्णय, निर्णायक मंडल के सदस्य डॉक्टर ऋषभदेव साकेत, डॉक्टर राममोहन तिवारी,श्रीमती समीक्षा सिसोदिया एवं श्री रजनीश चौरसिया ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एच. एस. शर्मा एवं प्रशासनिक अधिकारी डॉ पी.पी. मिश्रा ने संक्षिप्त वीडियो रिकॉर्डिंग में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर अपने विचार प्रकट किए। श्री हरिओम सक्सेना, कुमारी जागृति सक्सेना, कुमारी प्रभा अहिरवार ने भी विद्यार्थियों की तरफ से राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर वीडियो रिकॉर्डिंग में भाग लिया और अपनी बात रखी। इस संक्षिप्त वीडियो फिल्म का संयोजन एवं संपादन डॉ विनय श्रीवास्तव ने किया। ज्ञातव्य है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा राज्य स्तरीय आयोजन भोपाल में दिनांक 26 नवंबर को किया जाएगा। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त छात्र-छात्राएं दिनांक 22 नवंबर को संभाग स्तर पर विश्वविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। विश्वविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिताओं के दल का नेतृत्व डॉ. विनय श्रीवास्तव करेंगे।

# सफलता एक्सप्रेस में सफल अभ्यर्थियों को सम्मानित किया गया

**रिपोर्टर-प्रवीण राज**

**हजारीबाग।** बाबू गांव चौक स्थित सफलता एक्सप्रेस में आज सफल अभ्यर्थियों को सम्मानित किया गया मुख्य अतिथि हजारीबाग जेल अधीक्षक कुमार चंद्रशेखर और दहेज मुक्त झारखंड के संस्थापक आनंद शाही सर ने सफल अभ्यर्थियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया वही कुमार चंद्रशेखर ने कहा कि कठिन परिश्रम ही सफलता की कुंजी है ,सफल होने के लिए सभी विद्यार्थी को 15 घंटे मेहनत करने होंगे,सोसल मीडिया से हमेसा दूर रहे तब आप अपने मुकाम पर पहुंच सकते है । वही डॉ आनन्द शाही ने कहा की बच्चे देश के भविष्य है दयन रात मेहनत करने वाले बच्चे किसी फील्ड में जरूर सक्सेस होते है, सफल अभ्यर्थियों में विक्रम कुमार, विकास कुमार स्टेशन मास्टर, अभिमन्यु कुमार, राज शेखर, कुमार अमर कुमार, शाहरुख, आकाशदीप, पंकज कुमार, अमरजीत, प्रिंस कुमार, अभिमन्यु यादव, दीपक कुमार एसएससी जीडी में और पंकज कुमार का एसएससी सीजीएल में चयन हुआ।







निर्देशक अखिल कुमार गुप्ता ने बताया कि असंभव को संभव बनाकर ही आज इस दुनिया में जीत हासिल कर सकते है मंच का संचालन करते हुए पवन सर और प्रवीण सर ने सभी सफल विद्यार्थियों की उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर राजीव सर समीर सर कैलाश कुमार दीपक सर मुकेश सर और कई अभ्यर्थी उपस्थित थे।

## फल वितरित कर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया प्रधान न्यायाधीश आरएन चंद का जन्मदिवस

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



**सीहोर।** प्रधान न्यायाधीश आरएन चंद श्री के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर आज सेवड़ा सनकुआ धाम पर समाजसेवी श्यामू ठाकुर के नेतृत्व में शिव अभिषेक पूजन अर्चन एवम फल वितरित कर बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया आपको बता दें कि किसी भी महापुरुष का जन्मदिवस हो या हो कोई त्यौहार वरिष्ठ समाजसेवी श्यामू ठाकुर ऐसे हर अवसरों पर एक ना एक नया संदेश युवाओं को बच्चों को देते हैं वह जन्म दिवस मनाते हैं इसी क्रम में आज सीहोर प्रधान न्यायाधीश जी के जन्म दिवस के अवसर पर सेवड़ा वरिष्ठ समाजसेवी श्यामू ठाकुर सनक सनदन सनातन सनत कुमार संकुआ धाम पर पहुंचे और छोटे-छोटे बच्चों को फल वितरित कर प्रधान न्यायाधीश जी का जन्म दिवस मनाया इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हम अपनी समस्त समाज सेवा टीम की ओर से युवाओं को एक ऐसा संदेश देना चाहते हैं जो आगे आकर ऐसे कार्यक्रम में अपना योगदान दें और एक कोई नया संदेश दें इस अवसर पर भूपेंद्र शास्त्री सुनील गुप्ता राम लखन बाथम राम प्रकाश प्रजापति देवेंद्र बाथम सुनील राठौर सहित कई वरिष्ठ एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## निधौलीकलां में वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह का आयोजन

**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर**

एटा निधौली कला के मोहल्ला साडूपुरा की बगीची में वरिष्ठ नागरिक प्रबुद्धजन/मेधावी छात्रों का सम्मान




समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रवक्ता दोजीराम ने की, तथा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय लोधी महासभा के प्रदेश प्रभारी विजय राजपूत रहे। कार्यक्रम के विशेष अतिथियों में लोधी उत्थान समिति के अध्यक्ष नेम सिंह राजपूत, पूर्व प्रवक्ता झम्मन सिंह वर्मा ,डॉक्टर महिपाल सिंह, मान पाल सिंह कुशवाह प्रधान, सुनहरी लाल वर्मा , ओम प्रकाश ,मंचासीन रहे ।कार्यक्रम का संचालन/संयोजक देवेंद्र कुमार लोधी एडवोकेट रहे। इस अवसर पर नेम सिंह राजपूत ने कहा कि शिक्षा से ही मानव जीवन का विकास संभव है, इसलिए हमें अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दीक्षा के लिए अच्छे मार्गदर्शन लेना चाहिए। राष्ट्रीय लोधी महासभा के कोषाध्यक्ष जी. एस. राजपूत ने बच्चों से रूबरू होते हुए और प्रश्न करते हुए पूछा कि आप क्या बनना चाहते हैं, तो कुछ छात्राओं ने आईएएस, कुछ छात्राओं ने मेडिकल क्षेत्र में जाने की बात कही, उन्होंने कहा कि शिक्षा हमारे अंधकारमय जीवन को प्रकाश मय करती है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय राजपूत ने कहा कि व्यवसायिक शिक्षा और नौकरी के लिए शिक्षा दोनों को समझ कर ही बच्चों को उसका ज्ञान कराना चाहिए, जो बच्चे व्यवसायिक शिक्षा की ओर जाना चाहते हैं उनके सही परवरिश होनी चाहिए , इसमें वह पूरी तरीके से मदद करने के लिए गरीब असहाय छात्रों के साथ हमेशा खड़े हैं और रहेंगे, वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेश राजपूत ने कहा कि बालकों को ऐसी शिक्षा दीक्षा दी जानी चाहिए, जिससे वह अपने उद्देश्य में सफल रहे ।इसलिए अभिभावकों की पूर्ण जिम्मेदारी है कि बालकों के आईक्यू के हिसाब से उन्हें शिक्षा दीक्षा कराई जाए, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व प्रवक्ता दोजीराम ने शिक्षा पर विस्तार पूर्वक तकनीकी शिक्षा की ओर ज्यादा ध्यान आकर्षित कराया। कार्यक्रम संयोजक देवेंद्र कुमार लोधी ने अंत में समस्त आगंतुकों एवं श्वेतागणों का सादर धन्यवाद अभिवादन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख रूप से बाबूराम वर्मा, हीरा सिंह, किशोरी लाल ,मोहनलाल ,सरदार सिंह,सुनरीलाल, मानपाल सिंह कुशवाह प्रधान ,गीतम सिंह पूर्व सभासद, दरबारी लाल सभासद प्रतिनिधि, कन्हैया लाल ,डॉक्टर महिपाल सिंह ,योगेंद्र सिंह ,संजीव कुमार, श्रीमती कपूरी देवी, सरिता एडवोकेट, सीमा देवी, ज्योति देवी, इंद्रवती देवी,मुन्ना लाल वर्मा नेताजी ,डॉक्टर नाथूराम वर्मा ,महेंद्र सिंह, लायक सिंह, देवेंद्र कुमार ,विनोद कुमार ,मनमोहन सिंह ,मेवाराम ,सुधीर उपाध्याय, टुल्लन कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

## केआरजी में पारंपरिक खेलों के माध्यम से मनोसामाजिक समर्थन कार्यक्रम आयोजित

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**



**ग्वालियर।** शहर के कमला राजा कन्या स्नान कोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेवीकाओ द्वारा बाल संरक्षण सप्ताह 2022 के पांचवे दिवस पर पारंपरिक खेलों के मध्यम से मनोसामाजिक समर्थन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर के एनएसएस पारंपरिक खेल खेले गए जैसे-रुमाल झपटा,कितने भाई कितने,राम रावण युद्ध और अन्य खेल कबड्डी, खो-खो,सितोलिया इत्यादि खेल खेले गए।यह खेल कम खर्चे में खेले जाते हैं।खेल हमारे जीवन का अहम हिस्सा हैं। ये न केवल मनोरंजन के लिए,बल्कि हमारे मानसिक और शारीरिक विकास के लिए भी बेहद जरूरी हैं।यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एमआर कौशल के संरक्षण में किया गया।इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ वीणा शुक्ला,डॉ कृष्णा सिंह और डॉ संगीता सोमवंशी के साथ डॉ सुनीति श्रीवास्तव प्राध्यापक ने स्वयं सेविकाओं का उत्साह वर्धन किया।

## शासकीय अस्पताल पोरसा मैं आज लगाया जाएगा निशुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन सांसद नेत्र शिविर



पोरसा। इफको संस्था के द्वारा मुरैना श्योपुर के सांसद केंद्रीय कृषि मंत्री माननीय नरेंद्र सिंह तोमर जी की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन से अंधत्व निवारण हेतु सांसद नेत्र शिविर शासकीय अस्पताल पोरसा एवं आसमानी माता मंदिर ग्राम ओरेठी मैं 21 नवंबर सोमवार को सुबह 9 बजे से शाम 4~30 बजे तक लगाया जा रहा है जिन परिवारों के व्यक्तियों की आंखों की रोशनी कम हो रही है या आंखों में कोई दिक्कत हो रही हो तो उनकी निशुल्क जांच की जाएगी एवं मोतियाबिंद होने पर मोतियाबिंद का निशुल्क ऑपरेशन मुरैना शासकीय अस्पताल में ले जाकर किया जाएगा कार्यक्रम की व्यवस्था हेतु रविवार को हॉस्पिटल पोरसा पर कार्यकर्ताओं की बैठक ली गई जिसमें मुख्य रुप से जिला अध्यक्ष डॉ योगेश पाल गुप्ता केंद्रीय कृषि मंत्री के निजी सचिव अभिषेक रघुवंशी राजकुमार व्यास भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सोनू सिंह परमार साहिब सिंह तोमर मोहर सिंह तोमर महाराज सिंह तोमर अन्नू गुप्ता देवेश तोमर अशोक तोमर राकेश उपाध्याय दिनेश शर्मा राजीव शर्मा गोलू भदोरिया राघवेंद्र कटारे शिवराज तोमर संतोष सिंह तोमर अमन तोमर हरीशरण तिवारी अनवर खान मनोज नामदेव धर्मेंद्र राठौर पवन शर्मा वीरू तोमर निखिल तोमर लोकेंद्र तोमर गोपाल शिवहरे आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चलो अब शुरुआत करें, बाल विवाह का नाश करें

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** शहर के शासकीय कमलाराजा कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय ग्वालियर की राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाओ द्वारा बाल अधिकार सप्ताह 2022 के अवसर पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।जिसका विषय~ बाल विवाह रहा।स्वयंसेविकाओ द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया गया कि किस प्रकार बाल विवाह बच्चों के बचपन को छीन लेता है,यह समाज की एक ऐसी पुरानी कुरीति या रूढ़ीवादी परंपरा चली आ रही है जो आज भी समाज मे एक कलंक के रूप में है।छात्राओं ने बताया कि किस प्रकार लोग अंधविश्वास में आकर ढोंगी पाखंडी लोगों के पास जाते हैं और पुत्र प्राप्ति के लिए धन इत्यादि दान करते हैं।छात्राओं द्वारा यह भी बताया गया कि बाल विवाह ना केवल बालिकाओं का किया जाता है अपितु यह बालकों का भी किया जाता है छात्राओं द्वारा यह भी बताया गया कि जिस उम्र में बच्ची को यह नहीं पता होता है कि सुहाग का सही मतलब क्या होता है उस उम्र में उन्हें सुहागन बना दिया जाता है छात्राओं ने सभी को यह संदेश देने का प्रयास किया कि बाल विवाह अपराध है



इसे पड़ेगा सबको मिलकर रोकना।छात्राओं द्वारा ÷कसूर क्या है बस मेरा यही के एक लड़की हूं मैं÷ के माध्यम से यह भी बताया कि किस प्रकार लड़कियों को लड़की होने के कारण जिसमें उनका कोई दोष भी नहीं है,के कारण समाज की कुरीतियों का सामना करना पड़ता है। छात्राओं ने ÷पिंजरे की एक पंछी हूं मैं, ऐसे मेरे हालात है उम्मीद है ना किसी की और ना किसी का साथ है÷ पंक्ति के माध्यम से छात्राओं ने संदेश दिया कि किस प्रकार लड़की की गलती ना होने पर भी केवल समाज की बातों में आकर परिवार वाले एक लड़की का बाल विवाह कर देते हैं,और लड़कियों को एक बंधक के रुप मे पिंजरे में कैद चिड़िया की तरह किसी ओर के हवाले कर देते हैं।अंत में छात्राओं द्वारा बताया गया की बेटियों को कुपोषण से बचाने के लिए जरूरी है कि उनकी शादी सही उम्र पर की जाए जिसके मुताबिक नए कानून के अनुसार की बेटियों की शादी की उम्र 18 वर्ष से बदल कर 21 वर्ष कर दी गई है।छात्राओं द्वारा यह भी बताया गया कि बाल विवाह को रोकने के लिए सामाजिक प्रयास तो जरूरी है ही पर स्वयं बालक बालिकाओं को इसके विरुद्ध आवाज उठानी होगी जिससे वह समाज में चली आ रही इस कुरीति से खुद को बचा सके।यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एम.आर कौशल के संरक्षण में किया गया।इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ.वीणा शुक्ला,डॉ.कृष्णा सिंह,डॉ.संगीता सोमवंशी और हिंदी विभाग की प्राध्यापक सुधा कुशवाह ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। नुक्कड़ नाटक में एन.एस.एस की स्वयंसेविका आंचल, अनामिका, दिव्या, वैष्णवी, शिवानी, श्रद्धा, ग्रेसी, चारु, शालू, आस्था, कृषिका, नेहा, पिंकी, प्रकृति, शिल्पी, माधुरी, शिवानी, सोनाली, अंजलि, सपना, शिवानी शर्मा, पूनम, आरती ने अपना महत्वपूर्ण योगदान किया।

# ग्राम पंचायत ढोढरा में जांच के दरम्यान सरपंच, सचिव की खुली पोल

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

गरियाबंद जिला अंतर्गत विकास खण्ड मैनपुर के ग्राम पंचायत ढोढरा में दिनांक 19/11/2022 को जांच दल द्वारा कुबेर सिन्हा के शिकायत आवेदन के आधार पर जॉच अधिकारी श्री डी पी साहू जी सहायक विकास विस्तार अधिकारी, श्री अशोक शर्मा करारोपण, श्री अजीत ध्रुव तकनीकी सहायक, के द्वारा विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा एवम जॉच किया ग्राम पंचायत भवन में उपस्थित सरपंच श्री मति शांतिलता नेताम, सोपसिंह नेताम, सचिव श्री भुनेश्वर वर्मा, पूर्व सचिव गौरी शंकर यादव, पूर्व सचिव शंकर नागेश, द्रुप सिंह सोनवानी अनुपस्थित रहे,टंकेश्वर नागेश उपसरपंच पति, छगन नागेश पंच, उधव मांझी पंच, पंच पतिगण पुनीत सिन्हा,देवांगन, पूर्व सरपंच पति कमल सिंह नेताम एवम ग्रामीण ओंकार सिन्हा, पूर्णचंद्र नागेश, डोमार प्रधान, जगत सिन्हा, खेमराज नागेश, एवम अन्य ग्रामीणों के समक्ष आवेदन पत्र को पड़कर विभिन्न निर्माण कार्यों में किए गए व्यय पर बिंदु बार जॉच किया गया, जिसमें चौदहवे वित्त की राशि से ग्राम के कोटवार को नगदी 50000रू भुगतान किया गया है ,और विभिन्न मद से कई बार राशी आहरण हुआ जिसका विवरण इस प्रकार है,1,50, 000रू एक लाख पचास हजार रुपए नाली निर्माण कार्य हेतु आहरण किया गया है परंतु आज तक नाली निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है, 89400रू नवासी हजार रुपए कूडादान के लगाने के नाम से राशि आहरण आज तक कूडादान नही लगा,20, 000रू बीस हजार,नेम प्लेट की राशि आहरण पंचायत में नेम प्लेट लगा हुआ है,55, 000रू पचपन हजार रूपए राशि आहरण नल जल संसाधन कार्य के नाम पर परन्तु कार्य कराया ही नहीं,2, 78,000रू दो लाख अठतर हजार रुपए राशि आहरण एल ई डी लाइट के नाम पर जिसमें दो लाख रुपए का एल ई डी लाइट एवम खंभा लगा है, और अठतर हजार रूपए गबन,1,64, 000रू एक एक लाख चौसठ हजार रुपए आहरण परंतु केश बुक में उल्लेख नहीं है बिल भाऊचर भी नही है उक्त राशी से क्या कार्यकराया गया है आज तक किसी को भी पता नहीं है ,15, 000रू पंद्रह हजार रूपए आहरण स्कूल स्टेशनरी के नाम पर भुगतान किसे किया रोकड़ में उल्लेख नहीं है,69, 000रू उन्हतर हजार रूपए आहरण सामग्री क्रय की भुगतान राशि जिसका भौचर नही है, रोकड में पेंशन राशि लिखा है,1,24, 000रू एक लाख चोबीस हजार रूपए आहरण पुलिया निर्माण कार्य हेतु छगन नागेश पंच को भुगतान,84,




000रू चौरासी हजार रूपए आहरण बोर खनन हेतु भौचर अप्राप्त,60, 000रू साठ हजार रूपए आहरण बिना पंचायत प्रस्ताव के सिद्धि विनायक ट्रेडर्स गोहरापदर को भुगतान,1,50,000 रू एक लाख पचास हजार रूपए और 1,00000 रू एक लाख रुपए कुल 2,50, 000रू दो लाख पचास हजार रूपए आहरण बिना एस्टीमेट से कार्य कराया गया है जिसमें आज मेजरमेंट लिया गया है,65, 000रू पैंसठ हजार रूपये राशि आहरण शक्ति ट्रेडर्स देवभौग के नाम से कार्य कराया ही नहीं है,82, 480रू बियासी हजार चार सौ अस्सी रूपये आहरण ओम इलेक्ट्री के नाम से कार्य कराया ही नहीं है , 48000रू अड़तालिस हजार रूपए बिना पंचायत प्रस्ताव के राशि आहरण, उपरोक्त राशियों का विभिन्न निर्माण कार्य के नाम पर विभिन्न मद से राशि आहरण कर गबन किया गया है जो एक गंभीर विषय है शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से ग्राम पंचायत में विकास कार्य एवम मूलभूत सुविधाओं के लिए राशी प्रदान किया जाता है परंतु ग्राम पंचायत ढोढरा में सरकारी राशी का खुलेआम बंदर बांट किया गया है जिससे ग्रामिणो को मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा है और विकास कार्य ठप्प पड़ा है जॉच के दरम्यान सरपंच, सचिव, लोगों को निर्माण कार्य दिखाना चलो कार्य स्थल चलते है कहा और कार्य स्थल जाने लगे तब सरपंच श्री मति शांतिलता नेताम ,सचिव गौरी शंकर यादव, ने स्वीकार भी किया है कि हम लोगों ने राशि आहरण किया है परन्तु कार्य नही किया है कार्य स्थल में कुछ भी नहीं है कहा तब ग्रामीणों में आक्रोश को देखते हुए जॉच दल ने ग्रामीणों को समझाया कि आप सभी निश्चिंत रहें कार्यवाही होगी अभी जॉच प्रक्रिया शुरू है कहा तब ग्रामीणों ने कहा कि आप पंचायत के प्रतिनिधि लोग शासकीय राशि का बंदरबांट कर ग्राम वासियों को गुमराह में रखकर विकास कार्य के नाम पर फर्जी तरीके से आहरण कर विकास कार्य को ठप्प कर दिया है ग्रामीणों ने कहा कि यहां पेंशन राशि भी हित ग्राहियों पिछले छः माह से सही नही मिल रहा है और तो और यहां के ग्रामीणों को शौचालय निर्माण कार्य की राशी भी कई हित ग्राहियों को अभी तक भुगतान नही मिला जिसकी जानकारी जांच दल के समक्ष बताया जिससे सरपंच, सचिवों के कृत्य से ग्रामीणों में काफी नाराजगी देखी जा रही है कई ग्रामीणों ने कहा कि सरपंच, सचिवों को कार्यवाही नहीं होती है तो ग्रामीण लामबंद होने की बात भी कही जॉच अधिकारी के द्वारा प्रतिवेदन आने तक ग्रामीण इंतजार करेंगे उसके पश्चात उग्र आंदोलन करने की चेतावनी भी दी है समाचार लिखे जाने तक इतनी जानकारी मिली अब देखना यह है कि ढोढरा पहुंची जॉच दल द्वारा कागजों पर विकास की खोखली तरक्की करने वाले लोगों पर प्रशासन कब और क्या कार्यवही करती है।

# पुलिस की बड़ी कार्रवाई: दो तस्कर भारी मात्रा में हेरोइन ड्रगके साथ पकड़े

**ग्वालियर।** पुलिस अधीक्षक अमित सांघी के निर्देशानुसार ग्वालियर जिले में अवैध मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त करने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। पुलिस अधीक्षक पुलिस अधीक्षक शहर (पूर्व/अपराध) राजेश डण्डोतिया को क्राईम ब्रांच तथा थाना मुरार की संयुक्त टीम बनाकर सूचना की तस्दीक कर उक्त बदमाशों को पकड़ने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षकों के नेतृत्व में क्राईम ब्रांच व थाना मुरार पुलिस की दो टीमें बनाई जाकर मुखबिर के बताए स्थान फूटी बैरक, एमएच चौराहे के पास कार्यवाही हेतु भेजा गया। पुलिस टीमों द्वारा क्षेत्र



को जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि तस्कर स्विफ्ट कार में मादक पदार्थ बेचने की फिराक में थाना मुरार क्षेत्रान्तर्गत फूटी बैरक, एम.एच. चौराहे के पास खड़े देखे गये हैं। मुखबिर की सूचना पर से पुलिस अधीक्षक ने अतिरिक्त वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में सीएसपी मुरार/ डीएसपी अपराध ऋषिकेश मीणा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी क्राईम ब्रांच निरीक्षक दामोदर गुप्ता एवं थाना प्रभारी मुरार निरीक्षक शैलेन्द्र भार्गव के द्वारा उप में तस्करों की तलाश की गई। पुलिस टीम को मुखबिर के बताए स्थान पर एक स्विफ्ट कार क्रमांक एमपी07सीए 2713 खड़ी दिखी। पुलिस को देखकर कार सवार संदिग्धों द्वारा भागने का प्रयास किया। लेकिन पुलिस टीम घेराबंदी कर कार को रोक लिया गया और चेक करने पर पुलिस टीम को कार के अन्दर दो संदिग्ध व्यक्ति बैठे मिले। पुलिस टीम द्वारा पूछताछ करने पर एक व्यक्ति ने स्वयं को जिम वाली गली एमएच चौराहा मुरार व दूसरे ने ग्राम बोना थाना आंतरी का रहने वाला बताया। उक्त पकड़े गये व्यक्तियों व कार की तलाशी लेने पर उनके पास से एक प्लास्टिक की थैली में पाउडर मिला। पाउडर के संबंध में पूछने पर दोनों संदिग्धों ने उसे हेरोइन ड्रग होना बताया। पकड़े गये दोनों तस्कर अंतरराज्यीय गिरोह से संबंधित हो सकते है तथा इनके गिरोह में और कौन-कौन है, इसकी जांच की जा रही है। यह लोग हेरोइन कहां से लाते थे और किसे सप्लाई करते थे इसके संबंध में भी पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये मादक पदार्थ तस्करों से विस्तृत पूछताछ की जा रही है। पकड़े गये तस्करों के बताये अनुसार पुलिस द्वारा उनके पास से जप्त किया गया 370 ग्राम पाउडर ''हेरोइन ड्रग'' है, जिसकी अनुमानित कीमत 70लाख रूपये आंकी गई है। हेरोइन ड्रग पहली बार ग्वालियर जिले में पुलिस द्वारा इतनी बड़ी मात्रा में पकड़ा गया है। थाना मुरार पुलिस द्वारा बरामद हेरोइन को विधिवत जप्त किया जाकर पकड़े गये दोनों तस्करों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर उनसे जप्त हेरोइन के संबंध में विस्तृत पूछताछ की जा रही है। पकड़े गये तस्करों के आपराधिक रिकॉर्ड की जानकारी प्राप्त की जा रही है।



# कांग्रेस विकलांग कल्याण प्रकोष्ठ की बैठक में विकलांगजनों को दी महत्वपूर्ण जानकारी

**ग्वालियर।** शहर जिला कांग्रेस विकलांग कल्याण प्रकोष्ठ की महत्वपूर्ण बैठक फूलबाग मैदान के समीप कांग्रेस विकलांग प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अनूप जौहरी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विकलांगजनों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। बैठक में अनूप जौहरी ने सभी विकलांग भाई बहिनों के लिए भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ -साथ विकलांग जनों से सम्बन्धित भारत सरकार के उपक्रम एलिम्कों द्वारा निर्मित सभी उपकरणों को निशुल्क वितरित किए जाने की नई गाइडलाइन जारी किये जाने की जानकारी देते हूऐ बताया कि पहले विकलांगजनों को मिलने वाली बैटरी से संचालित मोटरा साइकिल गाड़ी के लिए जो सत्तर हजार रुपये विधायक एवं सांसद निधि से दिए जाते थे और जिसमें पच्चीस हजार रुपये केन्द्र सरकार द्वारा दिए जाते थे वह बाध्यता समाप्त कर अब उक्त ट्राई स्किल की पूरी 42 हजार रुपये कीमत भारत सरकार एलिम्को को देगी। इसी के साथ ही सामाजिक न्याय विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार 22 नवंबर मंगलवार को जेएएच कैंपस में स्थित ग्वालियर जिला विकलांग पुनर्वास केंद्र में सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक शिविर आयोजित किया जाएगा जिसमें जरुरतमंद चिन्हित विकलांग जनों का एलिम्को के विशेषज्ञों द्वारा परीक्षण कर रजिस्ट्रेशन किए जाने के साथ ही विकलांगजनों के विकलांग सर्टिफिकेट भी बनाए जाने हेतु रजिस्ट्रेशन किये जायेंगे। इसी क्रम में 23 नवंबर वुधवार को डबरा में भी विकलांग जनों के कल्याण हेतु सामाजिक न्याय विभाग,नगर निगम जनकल्याण विभाग एवं ग्वालियर जिला विकलांग पुनर्वास केंद्र के सहयोग से शिविर आयोजित किया जाएगा। इसमें भी एलिम्को के विशेषज्ञों द्वारा विकलांगजनों का परिक्षण किया जायेगा। बैठक में प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष परमाल सिंह कुशवाह ने सभी विकलांग भाई बहिनों से अपील करते हुए कहा कि सभी विकलांग भाई बहिन आयोजित होने वाले दोनों शिविरों का प्रचार प्रसार कर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर लाभ उठाएं।

# साडा क्षेत्र में होगा ग्रीन फील्ड प्रोजेक्ट के तहत कार्य

ग्वालियर । भारत सरकार द्वारा देश के आठ प्रदेशों में ग्रीन फील्ड प्रोजेक्ट के तहत कार्य किया जायेगा। इसके तहत स्मार्ट सिटी की तर्ज पर शहर का चयन कर सम्पूर्ण विकास के कार्य किए जायेंगे। मध्यप्रदेश के तीन शहर देवास, पीथमपुर और ग्वालियर का चयन कर इसकी कार्ययोजना तैयार की जा रही है। संभागीय आयुक्त दीपक सिंह ने शनिवार को चेम्बर ऑफ कॉमर्स में ग्रीन फील्ड प्रोजेक्ट के संबंध में आयोजित परिचर्चा में यह बात कही। चेम्बर ऑफ कॉमर्स के सभागार में ग्रीन फील्ड प्रोजेक्ट के संबंध में एक परिचर्चा का आयोजन किया गया। परिचर्चा में ग्रीन फील्ड प्रोजेक्ट के संबंध में विस्तार से प्रजेण्टेशन के माध्यम



से जानकारी दी गई। इसके साथ ही महत्वपूर्ण सुझाव भी लिए गए। परिचर्चा में एडीजी डी श्रीनिवास वर्मा, नगर निगम आयुक्त किशोर कान्याल, चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष विजय गोयल, उपाध्यक्ष पारस जैन, मानसेवी सचिव प्रवीण अग्रवाल, कोषाध्यक्ष बसंत अग्रवाल, संयुक्त संचालक टाउन एण्ड कंट्री प्लानिंग बी के शर्मा सहित चेम्बर ऑफ कॉमर्स के सदस्यगण एवं गणमान्य व्यापारी एवं समाजसेवी उपस्थित थे। संभागीय आयुक्त दीपक सिंह ने बताया कि ग्वालियर में तेजी से विकास के कार्य किए जा रहे हैं। इसी तर्ज पर भारत सरकार द्वारा ग्रीन फील्ड प्रोजेक्ट के तहत देश के आठ प्रदेशों का चयन किया गया है। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा ग्रीन फील्ड प्रोजेक्ट के लिये तीन शहरों में परियोजनाएँ तैयार की जा रही हैं। इनमें ग्वालियर में साडा क्षेत्र को चिन्हित कर इसकी परियोजना ईवाय कंपनी के माध्यम से तैयार की जा रही है। उन्होंने कहा कि ग्रीन फील्ड प्रोजेक्ट महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है। इसका साडा से कोई संबंध नहीं है। साडा क्षेत्र को इसके लिये चयनित किया गया है। उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट के लिये रिक्त भूमि पर ही कार्ययोजना तैयार की जाना है। ग्वालियर में साडा क्षेत्र के 680 हैक्टेयर क्षेत्र में यह परियोजना होगी। इसकी तैयारी की जा रही है। इस परियोजना के तहत एक नए शहर का विकास आधुनिक तरीके से किया जायेगा। इसके लिये भारत सरकार एक हजार करोड़ रूपए की धनराशि भी मुहैया करायेगी। उन्होंने यह भी कहा कि विकास निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। सभी शहरों का विकास धीरे-धीरे होता है। ग्वालियर भी तेजी से विकास की ओर बड़ रहा है। ग्वालियर में नया एयरपोर्ट, नया रेलवे स्टेशन, नया बस स्टेण्ड बनाया जा रहा है। इसके साथ ही स्वर्ण रेखा नाले पर एलीवेटेड रोड़, आगरा से ग्वालियर तक 6 लेन हाईवे जैसी अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाओं का कार्य किया जा रहा है। आने वाले दिनों में ग्रीन फील्ड प्रोजेक्ट भी ग्वालियर को मिलता है तो ग्वालियर में विकास का एक नया आयाम भी जुड़ेगा। संभाग आयुक्त दीपक सिंह ने चेम्बर ऑफ कॉमर्स के साथ-साथ शहर के व्यापारियों और गणमान्य नागरिकों से भी अपेक्षा की है कि इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट में वे हर संभव सहयोग दें ताकि ग्वालियर विकास के मामले में अपनी अलग पहचान बना सके। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डी श्रीनिवास वर्मा ने कहा कि शहर विकास के लिये राजनैतिक, प्रशासनिक इच्छा शक्ति के साथ-साथ व्यवसाइयों का भी सहयोग नितांत जरूरी रहता है। देश के किसी भी विकसित शहर को देख लें वहाँ का विकास तभी हुआ है जब वहाँ उद्योग और व्यवसाय स्थापित हुए और लोगों को रोजगार मिला और शहर में आधुनिकता बड़ी। आवागमन के साधन बड़े। हैदराबाद, पुणे, बैंगलोर के साथ-साथ इंदौर इसके अच्छे उदाहरण भी हैं। ग्वालियर शहर भी सुंदर शहर है। जहाँ पर विकास की अपार संभावनायें हैं। विकास की कई बड़ी परियोजनायें यहां प्रारंभ हो गई हैं। ग्रीन फील्ड प्रोजेक्ट भी अगर ग्वालियर को मिलता है तो यह ग्वालियर के लिये बहुत ही बड़ी सौगात होगी। नगर निगम आयुक्त किशोर कान्याल ने बताया कि ग्रीन फील्ड प्रोजेक्ट स्मार्ट सिटी की तरह ही एक अलग परियोजना है। इस परियोजना के तहत कार्य करने के लिये साडा क्षेत्र को केन्द्र में रखकर परियोजनायें तैयार की जा रही हैं। इस परियोजना के तहत अगर ग्वालियर का चयन होता है तो साडा क्षेत्र में एक नया और आधुनिक शहर विकसित होगा। उन्होंने व्यापारियों और चेम्बर के सभी पदाधिकारियों से अपेक्षा की कि इस प्रोजेक्ट को गंभीरता से लेकर इसमें अधिक से अधिक सहयोग प्रदान करें। परिचर्चा के प्रारंभ में चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष विजय गोयल ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने अपेक्षा की कि साडा क्षेत्र के विकास में प्रशासन कार्य करे ताकि उस क्षेत्र का विकास हो और व्यवसाय भी बड़े। ग्रीन फील्ड प्रोजेक्ट में ग्वालियर का चयन हो, इसके लिये चेम्बर ऑफ कॉमर्स तथा यहां के व्यापारी हर संभव सहयोग करेंगे। संयुक्त संचालक टाउन एंड कंट्री प्लानिंग बी के शर्मा ने ग्रीन फील्ड प्रोजेक्ट के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

# प्रधानमंत्री आवास योजना: 10970 जरूरतमंद परिवारों का पक्के घर का सपना पूरा हुआ

**ग्वालियर ।** घास-फूस की झोंपड़ीया कच्चे मकानों में रहने के लिये मजबूर जरूरतमंद परिवारों के पक्के घर का सपना प्रधानमंत्री आवास योजना पूरा कर रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना व आवास प्लस योजना के तहत जिले के ग्रामीण अंचल में अब तक 10 हजार 970 परिवारों के पक्के घर बनाए जा चुके हैं। इनमें प्रधानमंत्री आवास योजना के 9 हजार 335 तथा आवास प्लस योजना के 1635 आवास शामिल हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के बाद सरकार ने शेष जरूरतमंद परिवारों के पक्के आवास बनवाने के लिए प्रधानमंत्री आवास प्लस योजना शुरू की है। आवास प्लस योजना के तहत वर्ष 2022-23 में जिले में 4 हजार 650 परिवारों के लिये आवास स्वीकृत किए गए थे। इनमें से 1635 आवास बनकर तैयार हो गए हैं। कुल मंजूर हुए आवासों में से 4 हजार 508 परिवारों को प्रथम किस्त, 4 हजार 215 परिवारों को द्वितीय किस्त एवं 3 हजार 571 परिवारों को मकान पूरा करने के लिये तीसरी किस्त जारी की जा चुकी है। आवास प्लस योजना के तहत जिले की जनपद पंचायत भितरवार के अंतर्गत 1948, डबरा में 1064, घाटीगांव में 1339 व मुरार में 299 पात्र परिवारों के लिये पक्के आवास मंजूर किए गए हैं।

# ग्वालियर व्यापार मेले के आयोजन की सभी तैयारियां समय रहते पूर्ण करें: संभाग आयुक्त

**ग्वालियर ।** ग्वालियर का ऐतिहासिक व्यापार मेला 25 दिसम्बर से आयोजित होगा। मेले की सभी तैयारियां समय रहते पूर्ण हों, मेला अपनी पूरी गरिमा और भव्यता के साथ आयोजित हो। संभागीय आयुक्त दीपक सिंह ने शनिवार को ग्वालियर व्यापार मेला आयोजन के लिये की जा रही तैयारियों की समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए हैं। बैठक में एडीजी डी श्रीनिवास वर्मा, कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, पुलिस अधीक्षक अमित सांघी, नगर निगम आयुक्त किशोर कान्याल सहित विभागीय अधिकारी और मेला प्राधिकरण के अधिकारी उपस्थित थे। संभाग आयुक्त दीपक सिंह ने कहा कि 25 दिसम्बर से आयोजित होने वाले मेले की सभी तैयारियां 15 दिसम्बर तक पूर्ण कर ली जाएं। मेला प्राधिकरण के माध्यम से तैयारियों की जानकारी देने पर उन्होंने शासकीय विभागों के माध्यम से तत्परता से कार्य करने के संबंध में आवश्यक दिश-निर्देश दिए। उन्होंने कहा है कि मेले की सड़कों एवं भवनों के संधारण का कार्य लोक निर्माण विभाग के माध्यम से कराया जाए। इसके साथ ही साफ-सफाई की व्यवस्था नगर निगम के माध्यम से कराई जाए। इसके लिये मेला प्राधिकरण संबंधित विभाग को धनराशि उपलब्ध कराए। संभाग आयुक्त सिंह ने नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल एवं लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री से कहा है कि वे ग्वालियर मेले में किए जाने वाले कार्य के लिये पूरा एस्टीमेट शीघ्र तैयार करें और कार्य भी प्रारंभ कराएं। उन्होंने कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह से भी कहा कि मेले के दौरान आयोजित होने वाली सम्पूर्ण गतिविधियों के लिये विभागवार कमेटियों का गठन कर विभागीय अधिकारियों को आवश्यक जिम्मेदारी सौंपें। इसके लिये अनुविभागीय अधिकारियों को भी प्रभारी बनाकर समय- सीमा में सभी गतिविधियां हों यह सुनिश्चित किया जाए।



संभाग आयुक्त सिंह ने बैठक में यह भी निर्देशित किया कि मेले के दौरान साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश और सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध हों यह भी सुनिश्चित किया जाए। बाहर से आने वाले सैलानियों के लिये वाहन पार्किंग की भी पुख्ता व्यवस्था हो। पुलिस प्रशासन भी सुरक्षा के साथ-साथ यातायात प्रबंधन के सभी कार्य समय रहते पूर्ण कर ले। कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने बैठक में बताया कि मेले के दौरान आयोजित होने वाली सांस्कृतिक गतिविधियां, खेलकूद गतिविधियां एवं अन्य आयोजनों के लिये पृथक-पृथक समितियों का गठन किया जाता है। इस वर्ष भी शीघ्र ही समितियों का गठन कर अधिकारियों को आवश्यक जवाबदारी सौपी जायेगी।

# शास. हाई स्कूल भदरौली में वर्ल्ड टॉयलेट डे मनाया



विश्व शौचालय दिवस ( वर्ल्ड टॉयलेट डे ) 19 नवंबर 2022 को शासकीय हाई स्कूल भदरौली , ब्लॉक मुरार, जिला ग्वालियर, कि शाला में राज्य शिक्षा केंद्र, मध्यप्रदेश शासन, युनिलीवर एवं यूनिसेफ की सहयोगी संस्था रॉस इंडिया द्वारा मनाया गया 7 जिसमें उपस्थित सभी विद्यार्थियों को शौचालय एवं स्वच्छता का उपयोग एवं महत्व बतलाया,साथ ही बच्चों की मानव श्रृंखला बनाकर विश्व शौचालय दिवस लिखवाकर सभी को विश्व शौचालय दिवस एवं शौचालय के उपयोग का संदेश दिया गया इसी दौरान बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए स्वच्छता रन प्रतियोगिता एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कर विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए जनपद पंचायत, मुरार, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर श्रीमती अर्चना जादौन ने स्वच्छता का महत्व, नियमित हाथ धोने के फायदे तथा शौचालय का उपयोग करने पर सभी को मार्गदर्शित किया। जिला शिक्षा कार्यालय से आए श्री संजीव श्रीवास्तव जी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नियमित स्वच्छता अपनाने, शौचालय का उपयोग करने और साबुन से हाथ धोने के महत्व बतलाएं 7 इसी दौरान ग्वालियर संभाग से वॉश के सलाहकार अतुल त्रिवेदी जी ने सभी विद्यार्थियों को सुमन के विधि से हाथ धोने की स्टेप कराते हुए नियमित साबुन से हाथ धोने के लिए विद्यार्थियों को जागरूक किया तथा स्कूल प्राचार्य लोकेश अग्रवाल ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए विश्व शौचालय दिवस मनाने एवं हमारे जीवन में स्वच्छता बहुत महत्वपूर्ण है के बारे में बताते हुए मार्गदर्शित किया इसी क्रम में स्कूल शिक्षक सूरज मनकेले ने विद्यार्थियों को स्वच्छता रन कराया और स्वच्छता पेंटिंग कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई । इसी दौरान रॉस इंडिया टीम से प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर मनोज चौरसिया जी ने सभी अतिथियों का स्वागत अभिनंदन करते हुए उपस्थित विद्यार्थियों की मानव श्रृंखला के माध्यम से विश्व शौचालय दिवस लिखवाकर स्वच्छता का संदेश दिया। इसके साथ ही आज भदरौली शाला के विद्यार्थियों ने फन फेयर मेला लगाकर स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टाल लगाए जिसका सभी शिक्षक और अतिथियों ने भरपूर आनंद लिया। इस कार्यक्रम में ग्वालियर संभाग से वॉश के सलाहकार अतुल त्रिवेदी, जिला पंचायत मुरार, समन्वयक निरंजन शर्मा ,जनपद पंचायत मुरार समन्वयक श्रीमती अर्चना जादौन, जिला शिक्षा कार्यालय संजीव श्रीवास्तव ,स्कूल प्राचार्य लोकेश अग्रवाल ,स्कूल एच. एम.सुनील दत्त उपाध्याय ,शिक्षक सूरज मनकेले ,रॉस इंडिया टीम से मनोज चौरसिया एवं योगेश माहौर तथा समस्त स्कूल शिक्षक स्टॉप उपस्थित रहा।

**क्या? क्यों? कैसे? और कब तक?**

# सुनहरे भविष्य के निर्माण की राह दिखाती एक पुस्तक

ग्वालियर । रास्ते पर गति की सीमा है, बैंकों में पैसों की सीमा है व परीक्षा में समय की सीमा है। लेकिन हमारी सोच की कोई सीमा नहीं है। यानि अनंत या असीमित सोचा जा सकता है। इसलिए श्रेष्ठ से श्रेष्ठ सोचें और श्रेष्ठ से श्रेष्ठ का चयन करें तथा श्रेष्ठ से श्रेष्ठ प्राप्त करने का प्रयास करें। ये पंक्तियाँ उस किताब की प्रस्तावना का अंश है, जो अपने भीतर सभी वर्गों के भविष्य के निर्माण की राहें समेटे हुए है। वर्तमान में संभाग आयुक्त कार्यालय ग्वालियर में उप आयुक्त विकास के पद पर पदस्थ शिव प्रसाद गोला ने यह पुस्तक लिखी है। पुस्तक का प्रकाशन सन्मति पब्लिशर्स मेरठ रोड़ हापुड़ द्वारा किया गया है। मानव जीवन की सफलता के लिए सभी प्रकार की रूचियों के अनुसार लक्ष्य हासिल करने से संबंधित पाठ्यक्रम, प्रवेश परीक्षाओं व कार्यक्रमों एवं उनमें शामिल होने की जानकारी सरल भाषा में पुस्तक में उपलब्ध है। कहने का आशय है कि सफल उद्यमी, सफल लोक सेवक, सफल खिलाड़ी, सफल शिक्षाविद्, सफल प्रबंधक, सफल कृषक, सफल एंकर व मोटिवेटर, सफल इंजीनियर, सफल चिकित्सक, सफल चित्रकार, सफल आर्मी पर्सन, सफल वैज्ञानिक व सफल संगीतज्ञ कैसे बनें ड़ इन सबके संबंध में पुस्तक में राह दिखाई गई है। यहाँ तक राजनीतिक क्षेत्र में कैसे सफल हो सकते हैं उसके बारे में भी बताया गया है।

स्कूल स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतिभा एवं स्कॉलरशिप की परीक्षायें, राष्ट्रीय मिलिट्री व इंडियन मिलिट्री स्कूल, जवाहर नवोदय विद्यालय एवं केन्द्रीय विद्यालय संगठन से लेकर हायर सेकेण्ड्री स्तर के बाद इंजीनियरिंग व मेडीकल कोर्स, कानून, कृषि, विदेश, यूपीएससी, पीएससी, वन सेवा, प्रबंधन, स्वास्थ्य प्रबंधन, वायु सेवायें, विभिन्न राज्यों के राज्य लोक सेवा आयोग, बैंक, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान, इसरो, भारत संचार निगम, सेंट्रल टीचर्स एलिजीबिलिटी टेस्ट, राष्ट्रीय प्रतिभा खोज योजना, एंकरिंग, फिल्म मेकिंग व डिजायनिंग, आईआईटी,



नेचुरोपैथी, आयुर्वेदिक, ग्रुप-ए व ग्रुप-बी सिविल सर्विसेज, रेलवे, फोरेन लेंग्वेज, कम्प्यूटर कोर्स, कम्बाइंड जियो साइंटिस्ट एवं जियोलॉजिस्ट सर्विसेज, सीडीएस, बीएसएफ, सीआरपीएफ, विमान पत्तन प्राधिकरण, जर्नलिज्म, ऑनलाइन गेम डवलपर, माइक्रो फायनेंस, चार्टर्ड अकाउंट, शिल्प कला, डीआरडीओ सहित अन्य सभी तरह के डिग्री कोर्स के लिये होने वाली प्रवेश परीक्षाओं की जानकारी इस पुस्तक में बखूबी ढंग से दी गई है। प्रेरणादायी महान विभूतियों ने किस प्रकार से अपने लक्ष्य हासिल किए, इसकी जानकारी भी पुस्तक में उपलब्ध है। मसलन मराठा कृषक परिवार में जन्मे श्रीकांत जिचकर जिन्होंने विधायक, सासंद, मंत्री, आईएएस व आईपीएस, कुलपति, वेरिस्टर, चित्रकार, फोटोग्राफर, मोटीवेशनल स्पीकर आदि बनकर दिखाया। इतना ही नहीं उन्होंने 20 से अधिक डिग्रियाँ हासिल की और गिनीज बुक में अपना नाम दर्ज कराया। इसी तरह स्वामी विवेकानंद, वैज्ञानिक सी बी रमन, क्रिकेटर सचिन रमेश तेंदुलकर, भाला फेंक में ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चौपड़ा, ओलंपिक स्वर्णपदकधारी निशानेबाज अभिनव बिंद्रा, पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम आजाद, सफल उद्यमी धीरू भाई अंबानी व अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति इब्राहिम लिंकन सहित अन्य विभूतियों के जीवन के सफलता के सूत्र इस पुस्तक में समाहित हैं। पुस्तक के लेखक ने युवाओं के लिये प्रेरणा स्वरूप एक दृष्टांत का उदाहरण देते हुए उल्लेख किया है कि ÷जो कामयाब होने वाला है समस्याएँ उसकी जिंदगी का हिस्सा हैं, जो कामयाब हो चुका है समस्याएँ उसकी जिंदगी का किस्सा हैं÷। इसलिए युवा समस्याओं से जूझते हुए आगे बड़ें उन्हें सफलता अवश्य मिलेगी। उन्होंने आह्वान किया है कि हमेशा बड़े लक्ष्य देखें और मेहनत के साथ उन्हें हासिल करने के प्रयास करें। एक दृष्टांत का उदाहरण देते हुए वे लिखते हैं कि यदि लोग आपके चयनित लक्ष्य पर हँस नहीं रहे हैं तो निश्चित मानिए कि आपका चयनित लक्ष्य बहुत छोटा है। यह पुस्तक बच्चों से लेकर जीवन की आखिरी दहलीज पर खड़े लोगों के लिए विशेष उपयोगी बन गई है।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478